सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:40

आज का तापमान

शिमला	16.0 न्यू	22.5 अधि
धर्मशाला	20.0 न्यू	27.5 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,515
निफ्टी	23,897

सोना 1,54,908 चांदी 2,34,972

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 5 सितंबर 2026 | 20 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 248, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

पीएम मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को दी बधाई

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इटली के इतिहास में बिना किसी रुकावट के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने का नया रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, 'इटली के युद्ध-बाद के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने पर मेरी मित्र प्रधानमंत्री मेलोनी को बधाई। यह उपलब्धि उनके नेतृत्व में इटली की जनता के भरोसे और विश्वास को दर्शाती है। भारत-इटली विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में उनकी दोस्ती की अहम भूमिका रही है और मैं हमारे देशों के लोगों के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए हमारे करीबी सहयोग को जारी रखने की उम्मीद करता हूं। आने वाले वर्षों में उनकी निरंतर सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।' (अनंत ज्ञान)

मणिमहेश यात्रा में 4 महिला श्रद्धालुओं की बिगड़ी तबीयत

अनंत ज्ञान, भरमौर। मणिमहेश यात्रा-2026 के दौरान शुक्रवार को चार श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज और देखभाल के लिए सिविल अस्पताल भरमौर में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो मरीजों को एम्बुलेंस और दो को हेली टैक्सी से अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। बीएमओ डॉ. दीपेश बराल ने बताया कि चारों मरीजों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उनकी लगातार देखभाल कर रही है।

श्रीनगर में लैंडिंग के बाद पोल से टकराया इंडिगो का विमान

एजेंसी, श्रीनगर। श्रीनगर हवाई अड्डे पर शुक्रवार को नवी मुंबई से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट पार्किंग के दौरान एक खंभे से टकरा गई। विमान को नुकसान तो पहुंचा, लेकिन यात्रियों या चालक दल के किसी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने एक बयान में बताया कि फ्लाइट 6ई 225 (वीटी-एनओजी) को सुबह 9:02 बजे बे नंबर 6 पर पार्क किया जा रहा था, तभी पार्किंग प्रक्रिया के दौरान विमान विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (वीडीजीएस) के खंभे से टकरा गया। बयान में कहा गया है कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी को कोई चोट नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

अभिषेक के ऑफिस को खाली करने का निर्देश

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल दमकल विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कमैक स्ट्रीट स्थित कार्यालय को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया है। विभाग ने अग्निशमन व्यवस्था अपर्याप्त होने और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को इसका कारण बताया। भवन का अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र 10 अगस्त को समाप्त हो चुका है और उसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। जांच के दौरान भवन मालिक की ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

36,000 किमी की ऊंचाई से पाकिस्तान-चीन पर नजर रखेगा ईओएस-05

भारत ने हजारों किलोमीटर ऊंचाई से तस्वीरें लेने वाला पहला स्वदेशी सैटेलाइट किया लांच, आपदा से पहले देगा अलर्ट

एजेंसी, श्रीहरिकोटा

इसरो ने वीरवार देर रात 2:55 बजे ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। ईओएस-05 करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में रहकर तस्वीरें लेगा। ऐसा करने वाला भारत का यह पहला सैटेलाइट है। इससे पहले भारत के सभी इमेजिंग सैटेलाइट निचली कक्षा में थे। ईओएस-05 को 36000 किमी पर मौजूद अपनी अंतिम कक्षा तक पहुंचना है।

ईओएस-05 भारत और आसपास के बड़े इलाकों की लगातार तस्वीरें भेज सकेगा। इससे पाकिस्तान-चीन सीमा समेत संवेदनशील और रणनीतिक इलाकों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। सैटेलाइट का इस्तेमाल बाढ़, चक्रवात और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी के लिए भी किया जाएगा।

18 मिनट बाद ही ट्रांसफर ऑर्बिट में पहुंचा सैटेलाइट

जीएसएलवी-एफ17 भारत के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल कार्यक्रम की 19वीं उड़ान थी। ईओएस-05 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के सेकेंड पैड से लांच किया। ईओएस-05 लांच के करीब 18 मिनट बाद सब-जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में पहुंचा दिया गया।

इससे आपदा की स्थिति का जल्दी पता लगाने और समय पर चेतावनी देने में मदद मिलेगी। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि संगठन का इस साल छह और मिशन लांच करने का लक्ष्य है। करीब आठ महीने बाद इसरो का यह पहला लांच है। इससे पहले जनवरी 2026 और मार्च 2025 में उसके दो मिशन सफल नहीं हो पाए थे। (अनंत ज्ञान)

प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री ने इसरो की टीम को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व अन्य ने देश के पहले इमेजिंग सैटेलाइट को जियो-ऑर्बिट में सफलतापूर्वक लांच करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनो (इसरो) की टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि आज सुबह इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'इसरो की एक और शानदार उपलब्धि और हमारे देश के लिए गर्व का पल। भारत के पहले इमेजिंग सैटेलाइट ईओएस-05 को जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ17 का सफल लॉन्च, भारत के स्पेस सेक्टर की उत्कृष्टता, इनोवेशन और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है। इसरो और भारतीय इंडस्ट्री के बीच बढ़ती साझेदारी हमारे स्पेस प्रोग्राम को नई ताकत और विस्तार दे रही है, साथ ही पूरे स्पेस इकोसिस्टम में भारत की क्षमताओं को बढ़ा रही है।

सीजेपी कार्यकर्ता के पिता को पीटने वाला आरोपी हिरासत में

दिल्ली में कॉकरोच पार्टी के धरने के बाद एक्शन, पुलिस ने बुलंदशहर से पकड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता के साथ मारपीट करने वाला आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से पकड़ा गया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। स्वतंत्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीजेपी ने शुक्रवार को दिल्ली के संसद मार्ग थाने में 3 घंटे प्रदर्शन किया। हालांकि पुलिस के आश्वासन के बाद धरना खत्म हुआ। दरअसल नीशू का आरोप था कि 23 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान उनके पिता संजय के साथ मारपीट की गई। पकड़े जाने से पहले स्वतंत्र ने हसनपुर में मीडिया से करीब 3 मिनट तक बात की और कहा- 'मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। चाहे पूरा विपक्ष एकजुट हो मेरा बाल बांका नहीं कर सकता।'

इससे पहले निशु आजाद के पिता के साथ मारपीट मामले में पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के बाहर दिनभर गहमागहमी रही। इस मामले में पीड़िता

निशु आजाद, उनके पिता संजय आजाद, आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद, सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास, आशुतोष रांका और वकील ऋषभ रंजन ने मीडिया से बात की और पुलिस से हुई बातचीत की जानकारी दी।

सीजेपी कार्यकर्ता निशु आजाद ने कहा कि पिछले कई दिनों से आरोपी के समर्थक उन्हें गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। निशु ने कहा कि सच बताऊं तो इतने दिनों से जो लोग मुझे गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। मैंने उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अब उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है और मुझे उम्मीद है कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इन धमकियों की वजह से उनकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। जिस तरह से ये लोग मुझे गालियां दे रहे थे, रेप की धमकियां दे रहे थे और मेरे अश्लील स्टिकर बना रहे थे, उसकी वजह से मुझे घर से बाहर निकलने में भी शर्म आ रही थी। इस घटना की वजह से डर के चलते मैं दो-तीन हफ्ते कॉलेज नहीं गई। अब जब जाती हूं तो लगता है कि सब मुझे जज कर रहे हैं, बहुत बुरा लगता है। (अनंत ज्ञान)

पुलिस ने 72 घंटे में गिरफ्तारी का दिया था आश्वासन

निशु के पिता संजय आजाद ने प्रदर्शन के दौरान बताया था कि दिल्ली पुलिस ने एफआईआर में कानूनी धाराओं को शामिल करने की मांग मान ली और 72 घंटे का समय दिया है। हमें विश्वास है कि 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हमें दिल्ली पुलिस और संविधान पर पूरा भरोसा है।

सरकार को झटका, हिमुडा के सीईओ की नियुक्ति रद्द

- प्रदेश हाईकोर्ट ने नियमों की अनदेखी पर लिया एक्शन

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (हिमुडा) के सीईओ-कम-सेक्रेटरी पद पर डॉ. सुरिंदर कुमार वशिष्ठ की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ की पीठ ने 27 मई 2025 को जारी नियुक्ति आदेश को नियमों के अनुरूप नहीं मानते हुए निरस्त किया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सीईओ-कम-सेक्रेटरी का पद भर्ती नियमों के मुताबिक दोबारा भरा जाए।

कोर्ट के समक्ष आया कि हिमुडा के 2012 के भर्ती नियमों और 2019 के संशोधन के अनुसार सीईओ-कम-सेक्रेटरी का पद चीफ इंजीनियर (सिविल) में से पात्र अधिकारी को नियुक्त करके भरा जा सकता है। इसके लिए चीफ इंजीनियर के पद पर कम से कम एक वर्ष की नियमित सेवा समेत निर्धारित योग्यता जरूरी है। अदालत ने पाया कि डॉ. वशिष्ठ के मामले में चीफ इंजीनियर के पद पर उनकी स्थिति व्यक्तिगत आधार पर किए गए अपग्रेडेशन से जुड़ी थी। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने माना कि 27 मई 2025 को सीईओ-कम-सेक्रेटरी पद पर उनकी नियुक्ति नियमों के अनुरूप नहीं थी।

अंजोरी कपूर और डॉ. सुरिंदर कुमार वशिष्ठ दोनों इंजीनियरिंग कैडर में थे। कोर्ट के अनुसार अंजोरी कपूर को 9 दिसंबर 2022 को नियमित चीफ इंजीनियर (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया था, जबकि डॉ. वशिष्ठ उस समय अधीक्षण अभियंता थे और फरवरी 2023 में उनके पद को व्यक्तिगत आधार पर चीफ इंजीनियर के रूप में अपग्रेड किया गया। बाद में अंजोरी कपूर का पद बदलकर एडवाइजर (पॉलिसी एंड स्ट्रेटजी) किया गया और 27 मई 2025 को उन्हें इस पद पर नियुक्त कर दिया गया। हाईकोर्ट ने कहा कि सीईओ पद के लिए अंजोरी कपूर को विचार से बाहर नहीं किया जाना चाहिए था।

पात्र अधिकारी को सीईओ नियुक्त करने के निर्देश

हिमाचल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सीईओ-कम-सेक्रेटरी पद को भर्ती नियमों के मुताबिक दोबारा भरा जाए। इसके लिए पात्र अधिकारियों के मामलों पर विचार करने के साथ याचिकाकर्ता अंजोरी कपूर को भी प्रक्रिया में शामिल करने को कहा गया है। वहीं, डॉ. वशिष्ठ के लिए राहत यह है कि सीईओ के रूप में अब तक उन्हें मिले वित्तीय लाभ उनसे वापस नहीं लिए जाएंगे।

सीएम सुक्खू ने दिल्ली में हाईकमान के साथ की कैबिनेट विस्तार पर चर्चा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही छोड़कर दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस हाईकमान के शीर्ष नेताओं के साथ अहम बैठक की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की मौजूदगी में हिमाचल की राजनीतिक स्थिति, संगठन और आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। लिहाजा, कैबिनेट विस्तार का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। सूत्रों के अनुसार कैबिनेट विस्तार को लेकर सुंदर सिंह ठाकुर का नाम सबसे मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। उनके अलावा पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल और ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न के नाम भी चर्चा में हैं। सूत्रों की मानें तो सुंदर ठाकुर को लेकर सहमति बनने की स्थिति में अब औपचारिक घोषणा का इंतजार है। हालांकि सरकार या कांग्रेस हाईकमान की ओर से अभी किसी नाम पर अंतिम मुहर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

हिमाचल में संगठन को चुनावी मोड में लाने की तैयारी

दिल्ली बैठक का संकेत यह भी है कि कांग्रेस अब हिमाचल में संगठन को चुनावी मोड में सक्रिय करने की तैयारी में है। भाजपा के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन, संगठन की मजबूती और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। ऐसे में सुक्खू का दिल्ली दौरा महज औपचारिक मुलाकात नहीं, अपितु सरकार और संगठन के अगले राजनीतिक चरण की रूपरेखा तय करने की कवायद माना जा रहा है।

नेपाल बाढ़ के 9 दिन बाद सुरंग से जीवित निकले दो मजदूर

एजेंसी, काठमांडू। नेपाल बाढ़ के 9 दिन बाद शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम ने त्रिशूली-3 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से 2 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सुरंग के भीतर से इंसानी आवाज सुनाई देने की सूचना मिली थी। इसके बाद नेपाल सेना और सशस्त्र पुलिस बल की टीमें सुरंग में दाखिल हुईं और तलाशी अभियान तेज किया और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। के बाद सुरंग में 42 कर्मचारी और मजदूरों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी। (अनंत ज्ञान)

26 शिक्षकों को आज मिलेगा राज्य पुरस्कार

लोकभवन में राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल करेंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 26 शिक्षकों को स्टेट टीचर अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के 21 तथा उच्च शिक्षा विभाग के पांच शिक्षक एवं प्राचार्य शामिल हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल चयनित शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। राज्यपाल की मंजूरी के बाद शिक्षा विभाग ने पुरस्कार से संबंधित दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। चयन में शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों में दी गई सेवाओं को प्रमुखता दी गई है।

राज्य शिक्षक पुरस्कार केवल उत्कृष्ट अध्यापन को सम्मानित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निरंतर सेवाएं देने वाले शिक्षकों के योगदान की सार्वजनिक पहचान भी है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

विभाग की सूची में इन शिक्षकों के हैं नाम

स्कूल शिक्षा विभाग की सूची में कांगड़ा से तिलक राज, किन्नौर से अजय कुमार, किरण कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार नेगी, मनोज कुमार और इंदर प्रकाश का चयन हुआ है। बिलासपुर से जगदीश कुमार, मंडी से रोहन लाल और ललित कुमार, हमीरपुर से राकेश सिंह व पूर्णिमा कुमारी, लाहौल-स्पीति से खेचोक जांगपो, शिमला से चमन लाल, लोकेंद्र सिंह, सारिका आहूजा, बलवंत जोहटा व वीरेंद्र चौहान तथा सिरमौर से सृष्टि शर्मा को पुरस्कार सूची में शामिल किया गया है। सोलन से रोशनी देवी और बिलासपुर से स्नेह लता का भी चयन हुआ है। इस बार किन्नौर से एक साथ छह शिक्षकों का चयन विशेष चर्चा का विषय बना है। दुर्गम एवं सीमावर्ती क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे इन शिक्षकों का सम्मान जिले के लिए भी गौरव का अवसर माना जा रहा है।

बारिश से हिमाचल में 1235 करोड़ का नुकसान

प्रदेश में अभी भी 95 सड़कें बंद, जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून की लगातार सक्रियता ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में 95 सड़कें बंद हैं। इनमें मंडी में 38, कुल्लू में 22 और सिरमौर में 10 सड़कें शामिल हैं। बंद मार्गों को बहाल करने के लिए संबंधित विभागों की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्राकृतिक आपदा का असर केवल सड़कों तक सीमित नहीं है। प्रदेश में 198 बिजली ट्रांसफार्मर और 56 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली-पानी का संकट गहरा गया है। प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से नदी-नालों से दूरी बनाए रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

मानसून सीजन के दौरान प्रदेश को अब तक बुनियादी ढांचे, लोक निर्माण, जल शक्ति विभाग और निजी संपत्तियों को मिलाकर करीब 1,235.44 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। प्राकृतिक आपदाओं में अब तक 108 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि सड़क हादसों में 158 मौतें दर्ज की गई हैं।

आज 5 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने पांच सितंबर को बिलासपुर, कांगड़ा और सोलन जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। छह से 10 सितंबर तक प्रदेश में भारी बारिश की कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि इस दौरान कई स्थानों पर बारिश जारी रहने की संभावना है।

SSGI Since : 1996
SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
IBM Innovation Centre For Education
QS I-GAUGE Institution Of Happiness
NBA National Board of Accreditation D.PHARMACY
COURSES OFFERED
ENGINEERING
POLYTECHNIC
PHARMACY
EDUCATION
MANAGEMENT
HOTEL MANAGEMENT
PARAMEDICAL
Transforming Dreams into Reality
SRI SAI
GROUP OF INSTITUTES
Dalhousie Road, Badhani Pathankot (Punjab) -145001
ADMISSION OPEN
84271 84271 | 94170 50602 www.srisaigroup.in

न्यूज ब्रीफ

रोवर्स सीखेंगे नेतृत्व और आपदा प्रबंधन के गुर

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की रोवर इकाई के नौ रोवर्स राज्य स्तरीय निपुण परीक्षण शिविर में भाग लेने रिवालसर पहुंचे हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित शिविर 4 से 8 सितंबर तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में चल रहा है। शिविर में रोवर्स को नेतृत्व, अनुशासन, सेवा, प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोवर लीडर हरीश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने शुभकामनाएं दीं।

गुलेर में 73 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां। तहसील हरिपुर के गुलेर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में 'रक्तदान महादान' संदेश के साथ विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता कांगड़ा जोनल इंचार्ज महात्मा डॉ. केसी धीमान ने की। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राज पिता जी के आदेशानुसार आयोजित शिविर में 100 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें स्वास्थ्य जांच के बाद 73 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। टांडा मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने सेवाएं दीं। मिशन के सेवादारों व स्थानीय युवाओं ने भी सहयोग किया। रक्तदाताओं के लिए दूध, फल और लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई। देहरा, प्रागपुर, बडल ठौर, खैरियां, भटौली फकोरियां व नंदपुर भटोली के सेवादारों ने भी योगदान दिया। स्थानीय मुखी सतीश गुलेरिया और ज्ञान प्रचारक महात्मा सतपाल शर्मा ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

टांडा कॉलेज में जेनेटिक्स क्लीनिक व प्री-नेटल डायग्नोस्टिक लैब का पहला स्थापना दिवस मनाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा के ओबीजी विभाग में स्थापित जेनेटिक्स क्लीनिक और प्री-नेटल डायग्नोस्टिक लैब ने एक वर्ष पूरा कर लिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक वर्मा ने बताया कि यहां आनुवंशिक रोगों की जांच, जोखिम मूल्यांकन और जेनेटिक काउंसलिंग सहित गर्भावस्था संबंधी सेवाएं दी जा रही हैं। एम्नियोसेंटेसिस, सीवीएस व एम्नियोरिडक्शन जैसी 50 से अधिक प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। मार्च 2025 में शुरू हुई यह सुविधा हिमाचल का एकमात्र सरकारी केंद्र है।

सड़क किनारे नाली में गिरने से गाय की मौत

अनंत ज्ञान, गरली। हार मिट्टा पंचायत के हार गांव में सड़क किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई गहरी नाली में गिरने से करीब 80 हजार रुपये कीमत की गर्भवती दुधारू गाय की मौत हो गई। गाय पूर्व वार्ड सदस्य सुनीता देवी की थी और परिवार की आय का प्रमुख सहारा थी। पंचायत प्रधान रेनू कौशल व उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और विभाग से नाली के आसपास सुरक्षा इंतजाम तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

उलैहड़ियां में 260 ग्राम चिट्टे सहित 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार

नूरपुर पुलिस ने की कार्रवाई, मोटरसाइकिल से बरामद किया चिट्टा

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए विंग की टीम ने उलैहड़ियां गांव में कार्रवाई करते हुए 260 ग्राम चिट्टा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना इंदौरा के अंतर्गत पुलिस टीम डमटाल, इंदौरा और मिलवां क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान सूचना मिली कि पठानकोट-जालंधर हाईवे से उलैहड़ियां की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक युवक मोटरसाइकिल में चिट्टा छिपाकर बैठा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर पहुंचकर मोटरसाइकिल की तलाशी ली। डिक्की से पारदर्शी पॉलीथिन में छिपाकर रखा संदिग्ध पदार्थ बरामद हुआ, जिसका इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर 260 ग्राम हेरोइन/चिट्टा पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आरोपी संजू कुमार (19), निवासी तमौता, उलैहड़ियां के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चिट्टे के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

तरनतारन के दो तस्करों से 20.520 ग्राम चिट्टा किया बरामद, गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, परागपुर। पुलिस ने पंजाब के तरनतारन निवासी दो आरोपियों को 20.520 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मादक पदार्थ बरामद होने के बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लाली और रवि के रूप में हुई है। थाना मोइन में दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए चिट्टे की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। जांच का उद्देश्य मादक पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने के साथ-साथ इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान करना है। पुलिस आरोपियों के संभावित संपर्कों और तस्करी की अन्य कड़ियों को भी खंगाल रही है। एसपी संदीप धवल ने मामले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा आगामी जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

1.254 किलो चरस बरामदगी के मामले में दबोचा सरगना

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिला के तहत चरस बरामद करने के मामले में पूछताछ के बाद पुलिस ने चरस तस्कर गिरोह के मुख्य सरगना को नगरोटा बगवां से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि कांगड़ा जिला पुलिस की सीआईए टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परौर रेलवे स्टेशन के पास एक वाहन से 1 किलो 254 ग्राम चरस बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में मंडी जिला निवासी दो युवकों को मौके पर गिरफ्तार किया, जबकि जांच के दौरान एक अन्य आरोपी को भी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने पुलिस थाना भवारना के तहत रेलवे स्टेशन परौर के पास वाहन संख्या एचपी-01एम-6053 को जांच के लिए रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सवार 32 वर्षीय दीप कुमार निवासी बालकरूपी, तहसील जोगिंद्रनगर और 28 वर्षीय काली राम निवासी गांव दुमाण, जिला मंडी के कब्जे से 1 किलो 254 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चरस और वाहन को कब्जे में ले लिया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ और जांच के दौरान पुलिस को चरस की इस खेप से जुड़े मुख्य सरगना 32 वर्षीय शनौकरी उर्फ शौंकी उर्फ रौकी निवासी गांव व डाकघर बलधर, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद भवारना पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनौकरी को बलधर से गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब मामले में सप्लाई चेन का पता लगाने में जुट गई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

हैप्पी बर्थडे

सनौरा के निशांत डोगरा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन की बैठक 7 को

अनंत ज्ञान, शाहपुर। भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक 7 सितंबर को सुबह 10:30 बजे सामुदायिक भवन, 39 मील शाहपुर में होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैटर्न एमएल ठाकुर करेंगे। जिला उपाध्यक्ष बलदेव राणा ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मुद्दों तथा सरकार के पास लंबित मांगों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार अंतिम चरण में: पठानिया

कहा- जल्द पूरी होगी भूमि जमीन और आरएंडआर की प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। दिल्ली में संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेने के बाद शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया शुक्रवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार, विश्वविद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया और विधायकों की गाड़ियों पर झंडा लगाने की अनुमति सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार का मामला अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि प्रभावित लोगों को लगभग 4000 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है। जल्द ही शेष जमीन अधिग्रहण के साथ-साथ आर-आर की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। गगल क्षेत्र के कुछ लोगों के लंबित मामलों को लेकर उन्होंने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री ने उन्हें विचार करने का आश्वासन दिया है। सनौरा के प्रभावित लोगों द्वारा आरएंडआर के तहत राशि नहीं मिलने के सवाल पर विधायक ने कहा कि इस संबंध में विधानसभा में जवाब दिया जा चुका है और अब विधानसभा के बाद जिला प्रशासन मामले पर आगामी कार्रवाई करेगा। विश्वविद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर पठानिया ने कहा कि प्रदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटीज में पहले इंटरव्यू के आधार पर प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और लेक्चरर की नियुक्तियां होती थीं। अब टेस्ट के माध्यम से भर्ती का निर्णय लिया गया है। विधायकों की गाड़ियों पर झंडा लगाने की अनुमति के फैसले पर उन्होंने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताया।

महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

बच्चों ने कृष्णलीला से बिखेरी भक्ति और संस्कृति की छटा

अनंत ज्ञान

नगरोटा बगवां। महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरी में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की सुंदर वेशभूषा और आकर्षक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा।

◆ **राधा-कृष्ण की झांकियों ने बांधा समां, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों तथा जन्माष्टमी से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं। नन्हे बच्चों के नृत्य और अभिनय ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके बाल स्वरूप की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर पीसी राणा तथा प्रधानाचार्या पूजा महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षकगण ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

परागपुर पीएचसी घोषणा पर सीएमओ के खुलासे से हंगामा

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, परागपुर। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक महकमे की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 19 जनवरी 2024 को परागपुर की नक्की में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परागपुर के लिए नए भवन के निर्माण को लेकर जो बड़ी घोषणा की गई थी, वह कागजी औपचारिकताओं के मकड़जाल में ऐसी उलझी कि आज तक फाइलों से बाहर ही नहीं निकल पाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा कार्यालय द्वारा आरटीआई के तहत दिए गए आधिकारिक और बेबाक जवाब ने इस मामले की सारी परतें उधेड़ कर रख दी हैं। सीएमओ कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस बहुचर्चित पीएचसी भवन के लिए धन उपलब्ध करवाने से संबंधित विभाग को आज दिन तक न तो कोई आधिकारिक निर्देश मिला है और न ही घोषणा की कोई प्रति प्राप्त हुई है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जिस प्रोजेक्ट के नाम पर सियासी वाहवाही लूटी गई, उसके लिए धरातल पर स्थिति यह है कि अब तक न तो कोई प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है और न ही एक फूटी कौड़ी की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। इससे पहले स्वास्थ्य निदेशालय के उपनिदेशक स्तर पर भी इस घोषणा से पूरी तरह अनभिज्ञता जताई जा चुकी है। जनता से किए गए वादों और सरकारी महकमों की फाइलों के बीच का यह भारी विरोधाभास यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या इस तरह की घोषणाएं महज जनता को बहलाने का जरिया बनकर रह गई हैं। आखिर इस तरह की हवा-हवाई घोषणाओं से परागपुर की जनता को क्या मिला।क्या जनता को केवल झूठे आश्वासन देकर बेवकूफ बनाया जा रहा है।इस व्यवस्थागत उदासीनता और लचर रवैये के खिलाफ परागपुर के नागरिकों दिनेश, रजत, दीपक, राजेश, नवीन, संजीव, अजय, सुरिंदरऔर राजीव, राकेश, कमल ने कड़ा रोष जताया है।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर में मनाया जन्माष्टमी उत्सव

नन्हे कान्हा और राधा ने मोहा मन, कृष्णमय हुआ स्कूल परिसर

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे विद्यार्थी राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। मुकुट, मोरपंख और बांसुरी के साथ सजे नन्हे कान्हा तथा राधा के रूप में सजी बालिकाओं ने सभी का मन मोह लिया।

बच्चों की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू परमार और एमडी डॉ. ऋचा महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या रेनू परमार ने कहा कि भारतीय त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों की पहचान हैं। ऐसे आयोजन बच्चों को संस्कृति से जोड़ने के साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। एमडी डॉ. ऋचा महाजन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, सत्य, कर्तव्य, धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समारोह के दौरान 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से विद्यालय परिसर गूंज उठा और कार्यक्रम यादगार बन गया।

धर्मशाला में जन्माष्टमी की धूम, कृष्ण भक्ति में डूबा शहर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कहीं बाल गोपाल का सुंदर श्रृंगार किया गया है तो कहीं राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों के जरिए कृष्ण की लीलाओं को दर्शाया गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान कृष्ण की आराधना कर रहे हैं और माखन-मिश्री, फल, मिठाई सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया जा रहा है। वहीं, छोटे बच्चों में भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह है। बच्चे राधा और कृष्ण के रूप में सजकर पर्व की खुशियों में शामिल हो रहे हैं। धर्मशाला के मंदिरों में देर रात तक धार्मिक कार्यक्रमों का दौर जारी रहेगा और मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजा, आरती और जयकारों के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शंख और घंटियों की गूंज के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। जन्माष्टमी ने धर्मशाला के माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया है।

इंदौरा में बीपीएल परिवारों के चयन और सत्यापन की प्रक्रिया तेज

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत बीपीएल पात्र परिवारों के चयन को लेकर प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत प्रधानों और सचिवों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि आठ चरणों में 1334 लोग पात्र पाए गए हैं, जबकि नौवें चरण में सूची का बारीकी से सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए पटवारी, पंचायत सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की तीन सदस्यीय कमेटी गठित होगी।

निर्धारित मानदंडों के अनुसार अनाथ बच्चों वाले परिवार, केवल वृद्धजनों वाले परिवार, महिला मुखिया वाले परिवार, 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले मुखिया के परिवार, मनरेगा में कार्य करने वाले व गंभीर बीमारी या दुर्घटना से स्थायी रूप से अक्षम कमाऊ सदस्य वाले परिवार तथा भूमिहीन परिवार पात्र हो सकते हैं।

वहीं आयकरदाता, 75 हजार रुपए से अधिक वार्षिक आय वाले, एक हेक्टेयर से अधिक भूमि रखने वाले तथा सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी नौकरी वाले सदस्य के परिवार अपात्र होंगे। एसडीएम ने पारदर्शी सत्यापन कर पात्र परिवारों को लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वापसी कांगड़ा एयरपोर्ट पर गद्दी समुदाय व निर्वासित तिब्बतियों ने किया स्वागत

लद्दाख प्रवास के बाद धर्मशाला लौटे दलाई लामा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। दो माह से अधिक समय तक लद्दाख प्रवास पर रहने के बाद तिब्बती धर्मगुरु एवं 14वें दलाई लामा शुक्रवार को धर्मशाला लौट आए। दलाई लामा वायुसेना के विशेष विमान से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन को लेकर एयरपोर्ट के बाहर तिब्बती समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए पहुंचे।

दलाई लामा के स्वागत के लिए तिब्बती समुदाय के साथ हिमाचल के गद्दी समुदाय के लोग भी मौजूद रहे। गद्दी समुदाय ने अपनी पारंपरिक संस्कृति का लोक नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दलाई लामा को कांगड़ा एयरपोर्ट से मैक्लोडगंज स्थित उनके निवास स्थान ले जाया गया। दलाई लामा की धर्मशाला वापसी के बाद 6 सितंबर को मुख्य तिब्बती मंदिर में उनके शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। उनकी वापसी को लेकर तिब्बती समुदाय में खासा उत्साह बना हुआ है। गौरतलब है कि दलाई लामा 28 जून को लद्दाख पहुंचे थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में अनुयायियों को दर्शन दिए। लद्दाख प्रवास के बाद उनकी धर्मशाला वापसी से तिब्बती समुदाय में खुशी का माहौल है।

दलाई लामा की मौजूदगी महत्वपूर्ण : अजीत

भारत-तिब्बत मैत्री संघ धर्मशाला के अध्यक्ष अजीत नेहरिया ने कहा कि दलाई लामा की धर्मशाला में मौजूदगी स्थानीय लोगों और तिब्बती समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उनके वापस लौटने से धर्मशाला में खुशी का माहौल है और उनकी मौजूदगी से क्षेत्र की रौनक और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि दलाई लामा लद्दाख में अपने अनुयायियों के आग्रह पर गए थे।

धर्मगुरु की वापसी से निर्वासित तिब्बती खुश : डोलमा

तिब्बती महिला संघ की अध्यक्ष त्सेरिंग डोलमा ने कहा कि दलाई लामा की वापसी से तिब्बती समुदाय बेहद खुश है। लंबे समय से उनके धर्मशाला लौटने का इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी से तिब्बती समुदाय के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों और टैक्सी चालकों में भी खुशी है।

टांडा मेडिकल कॉलेज में हो रही मोबाइल चोरी, बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। प्रदेश के प्रमुख अस्पताल डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच मरीजों के मोबाइल फोन चोरी होने की घटनाओं से चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार अस्पताल के पुरुष वार्डों में चोर मरीजों के महंगे मोबाइल पर हाथ साफ कर रहे हैं। मरीजों का कहना है कि बीमारी के उपचार के बीच मोबाइल चोरी होने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मरीजों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके हजारों रुपए कीमत के मोबाइल फोन वार्ड से चोरी हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि चोर ऐसे मरीजों को निशाना बनाते हैं, जो मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर आराम या नींद में होते हैं। इसी दौरान मौका पाकर मोबाइल लेकर फरार हो जाते हैं। मरीजों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। उधर, टांडा अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने कहा कि अस्पताल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं। रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही के कारण सभी पर नजर रखना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वार्डों के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं और उन्हें निर्देश दिए जाएंगे कि मरीजों व तीमारदारों के अलावा अन्य लोगों के प्रवेश पर निगरानी रखी जाए।

विस सत्र में सरकार ने रखा काम का हिसाब विपक्ष के पास रहा हंगामे का एजेंडा : मल्ली

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ली ने विधानसभा के हाल ही में संपन्न मानसून सत्र को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की जवाबदेह और जनहितैषी कार्यशैली का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सरकार ने विपक्ष के सवालों का तथ्यों के साथ जवाब दिया। प्रदेश के विकास तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी नीति और दिशा स्पष्ट की।

उन्होंने कहा कि 21 अगस्त से 3 सितंबर तक चले मानसून सत्र ने सरकार और विपक्ष के कामकाज में स्पष्ट अंतर जनता के सामने रखा है। एक तरफ सुक्खू सरकार ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे, आर्थिक चुनौतियों और प्रदेश के हितों से जुड़े विषयों पर सदन में अपनी बात रखी, वहीं दूसरी ओर विपक्ष कई अवसरों पर सार्थक चर्चा के बजाय हंगामे, वॉकआउट और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखाई दिया। मल्ली ने कहा कि रोजगार और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष को सरकार से सवाल पूछने का पूरा अधिकार है, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो उन जवाबों पर तथ्यात्मक चर्चा करना विपक्ष की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि सत्र के शुरुआती दिनों में वंदे मातरम् के मसले पर भाजपा के अनर्गल विरोध से सदन की कार्यवाही बेवजह प्रभावित हुई। मल्ली ने कहा कि विधानसभा में हिमाचल प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित होना सरकार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने की सोच को दर्शाता है।

बोले- विपक्ष पहले अपना रिपोर्ट कार्ड बताए

कांग्रेस नेता पुनीत मल्ली ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी कि सरकार पर आरोप लगाने से पहले मानसून सत्र में अपने प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड प्रदेश की जनता के सामने रखें। मल्ली बोले कि विपक्ष यह बताए कि उसने सत्र में कितने जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा की, कितने ठोस सुझाव दिए और कितनी बार सदन से वॉकआउट किया।

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजन ढींगरा, रिपोर्टर नगरोटा बगवां
मो. 9882266640

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

MOTHER'S TOUCH
SCHOOL PALAMPUR

Admission Open 2026

- Play Group - KG
- Class I - V
- School Van Service
- World Class Curriculum
- Public Speaking
- Brain Development
- Karate, Dance, Drama, Music

ALPHA PUBLIC HIGH SCHOOL

(Affiliated to HPBOSE Dharamshala)
Vill. Kharouth, P.O. Parour, Tehsil Palampur, Distt. Kangra, Himachal Pradesh
Cell: 98050-40177, 98161-77160

Vacant Position : DT.G.T (NM)
Contact: 9805040177

Happy Teacher Day

On this proud day, School honors our freedom fighters & pledges to build a brighter, stronger India through education & values
Jai Hind

Alpha Public School Kharouth (Parour)

राजकीय महाविद्यालय शाहपुर

के प्राचार्य, प्रवक्ता एवं समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ की ओर से प्रदेशवासियों व क्षेत्रवासियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉक्टर विश्वजीत सिंह, प्राचार्य

शिक्षक दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Vrinder Pal Singh
Principal

ST. PAUL'S SR. SEC. SCHOOL
PALAMPUR DISTT. KANGRA (H.P.)

Contact: 01894-235445, 230612
Website" www.st.paulspalampur. com
Email: stpaulsschool.palampur @gmail.com

शिक्षक दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव नूरपुर की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

MONTESSORIE
CAMBRIDGE SCHOOL

RAJA-KA-BAGH, (H.P.)

(A prestigious premier co-educational English Medium school)
Affiliated to CBSE Delhi, Affiliation No. 630081

ADMISSION OPEN

Nursery ti 12th std.
Medical, Non Medical, Commerce, Arts & Humanities
Special Arrangement for Engineering & Medical Entrance Exam.
JEE, IIT, PMT, CA & NDA FOUNDATION CPT EXTRA
Contact : 76201-88199, 98163-89729

राजकीय महाविद्यालय ज्वाली
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

M: 94183 85584, 9459401684

महाविद्यालय परिवार (PTA, CSCA & OSA) की ओर से
शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. डी. के. शर्मा प्राचार्य

1. अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु राजकीय महाविद्यालय ज्वाली में प्रवेश दिलाएं। वर्तमान में महाविद्यालय में आर्ट्स एवं कॉमर्स संकायों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हैं।
2. बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं के नारे को चरितार्थ करने हेतु एवं परिवार और समाज की उन्नति के लिए बेटियों को महाविद्यालय में प्रवेश दिलायें।
3. सरकार द्वारा छात्र हित में चलाई गई विभिन्न छात्रवृत्तिरी योजनाएं महाविद्यालय में उपलब्ध हैं।
4. खेलों से सम्बधित मूलभूत सुविधायें महाविद्यालय में उपलब्ध हैं।
5. पिछले तीन साल के अन्तराल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण, एक रजत, सात कांस्य पदक एवं एक अन्तर विश्वविद्यालय में चयन।
6. विश्वविद्यालय परीक्षाओं में अच्छे परिणाम के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन।
7. महाविद्यालय में एन. सी. सी. यूनिट आवंटित एवं पिछले वर्ष पांच विद्यार्थियों का भारतीय सेना में अग्निवीर हेतु चयन।

आइए, शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त शिक्षित एवं समृद्ध भारत का निर्माण करें।

GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL

(Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala)
Source of Intelligence, Knowledge & Modesty
An English Medium School

ADMISSION OPEN
NURSERY TO 10TH

Harvans Koundel
Principal

Hi-Tech Computer Lab

Discover Your Potential at Green View Public School Where every student is encouraged to shine.

Choose the best School For Admission

V.P.O. Dadh, Teh. Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
01892252115, 9816521168

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

KLB DAV COLLEGE FOR GIRLS
PALAMPUR KANGRA (HP)

NAAC ACCREDITED "B" Grade

Admission Open Session 2026-27
BA, B.COM, BBA, BCA, D.EL.Ed/JBT, B.Ed, M.com, MCA, MA (hindi, history, pol-Science)

Sh. B.B.L. Butail
President

Sh. Rajinder Singh
General Secretary

Prof (Dr) R S Rana
Director

Heartiesh Greeting to All Citizens on the
Occasion of Teacher Day-2026

Contact : 01894-232584
Email : principal@klbdavcollege.org

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

NEUGAL PUBLIC SEN SEC SCHOOL
BINDRABAN PALAMPUR

CBSE AFFILIATED NEW DELHI | AFFILIATION NO. 630128 School Code:43111

Aseem Awasthi
Principal

ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2026-2027

CLASS NURSERY TO XII (ALL STREAMS)

TRANSPORT FACILITIES AVAILABLE TO ALL AREAS

Contactcs 8988171485, 9501587622 E-mail: principal_npss@rediffmail.com

---

Kuldeep Singh Thakur
MD-cum-Chairman

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

MAHARANA PRATAP
INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO CBSE

Smt. Pooja Mahajan
Principal

ADMISSIONS OPEN
FOR 2025-2026
Pre Nursery to 9th

HIGHLIGHTS

- Huge campus in the lap of nature.
- Smart class with trained teachers.
- Indoor and Outdoor games.
- Karate, Music & Gymnastics.
- CCTV surveillance.
- German Language.
- Splash Pool.

25% RESERVATION FOR WEAKER SECTION

DHARAMGIRI PATHIAR DISTT. KANGRA (H.P.)
mpipschooldgiri@gmail.com, www.mpips.co.in
9418476139, 7807550225

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FROM 6th ONWARDS
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

Dr. Rajinder Singh
(Chairman)

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Spring Dale Convent Sr. Sec. School

Affiliated to CBSE New Delhi, Aff. No. 630135

Dr. Rajeev Singh Niryal
(Principal)

Admission Open Nursery to 10+2

- Experienced Well Qualified & Trained Teachers.
- Spacious Building & Lush Green Play Ground For Sports
- Stress Laid On Spoken English And Value Based Education
- CCTV Surveillance
- Peaceful, Convenient Location

Jawali At Paprola, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (HP)
Website: www.sdcsjawali.com, E-mail: sdcs23060@gmail.com
Ph: 01893-292533, (M): 98166-33063

न्यूज ब्रीफ

बडैहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली झांकी

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के बडैहर में राधा-कृष्ण कमेटी की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य झांकी निकाली गई। झांकी बडैहर से शुरू होकर भरेड़ी, धमरोल और भौर से होकर गुजरी। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इस दौरान जयकारों और भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कमेटी सदस्य रविदत्त शर्मा ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

ढोल-नगाड़ों के साथ वीर गाथाएं सुना रही मंडलियां

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। रक्षाबंधन से शुरू हुई गुग्गा जाहरवीर और सिद्ध बाबा बालक नाथ की गाथाओं का गायन नादौन, बड़सर व भोरंज क्षेत्रों में जारी है। मंडलियां नंगे पांव गांव-गांव जाकर ढोल-नगाड़ों के साथ वीर गाथाएं सुना रही हैं। नौ दिवसीय यह परंपरा गुग्गा नवमी तक चलेगी। श्रद्धालु मंडलियों को अनाज, वस्त्र व दान देते हैं। सिद्ध बाबा बालक नाथ चनवाल मंडली शनिवार को डेरे में जाएगी और रविवार को मंदिर में मेला आयोजित होगा।

भाजपा जिला हमीरपुर की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला और मासिक बैठक आयोजित

हमीरपुर भाजपा एक्शन मोड में, सत्ती ने दिया संगठन की मजबूती का मंत्र

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक शुक्रवार को भोटा स्थित एक निजी होटल में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सत्ती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिला प्रभारी अमित ठाकुर, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, विजय अग्निहोत्री व कमलेश कुमारी आदि मौजूद रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने पार्टी की ओर से आयोजित संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने पूर्व विधायक एवं समाजसेवी राम रतन शर्मा, भाजपा परिवार से जुड़े दिवंगत विशिष्ट व्यक्तित्वों और नेपाल त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सतपाल सत्ती ने कहा कि भाजपा की मजबूती लाखों कार्यकर्ताओं के संघर्ष, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों के आधार पर देने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर बूथ तक पहुंचकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ की मजबूती ही चुनावी सफलता का प्रमुख आधार है। बैठक में सेवा संकल्प अभियान सहित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में 15 रूटों पर उठाएं ई-बसों का आनंद

अनंत ज्ञान

◆ **हमीरपुर से होशियारपुर और बद्दी के लिए ई-बस सेवा भी उपलब्ध**

ब्यूरो, नादौन/हमीरपुर। एचआरटीसी की 10 नई ई-बसों का आनंद आप नादौन विधानसभा क्षेत्र में उठा सकते हैं। ये इलेक्ट्रिक बसें 15 रूट पर सेवाएं दे रही हैं। इन बसों के जरिये आप अपनी यात्रा को सुखद बना सकते हैं। हमीरपुर जिला को 35 नई ई-बसें मिली हैं, जिनमें से 10 बसें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विधानसभा क्षेत्र नादौन को सौंपी गई हैं। परिवहन निगम ने इन बसों के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय हमीरपुर, उपमंडल नादौन, देहरा, प्रागपुर, सुजानपुर से सीधा जोड़ा है। ई बसें हमीरपुर से सुजानपुर, होशियारपुर व बद्दी रूट पर भी सेवाएं दे रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हमीरपुर से चोड़ू, हमीरपुर से बड़ा, हमीरपुर से कश्मीर, कांगू, धनेटा, हमीरपुर से पांचघाम धनेटा, हमीरपुर से कश्मीर, कांगू, हमीरपुर से गलोड़, जसाई, धनेटा, हमीरपुर से होशियारपुर, हमीरपुर, सुजानपुर से होशियारपुर, हमीरपुर से लाहड़, रतियां नादौन, हमीरपुर से लाहड़ रतियां, जीहण-बड़ा, हमीरपुर से प्रागपुर-ढलियारा, नादौन से धनेटा, हमीरपुर से जसाई-धनेटा वाया गलोड़ नादौन तक, नादौन से घट्टा-मझीण, हमीरपुर से बद्दी वाया धनेटा रूट पर ये बसें चलाई गई हैं। ई-बसों के संचालन से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल को हरित प्रदेश बनाने का सपना संजोया है। अभी तक 500 से अधिक ई-बसें प्रदेश में सेवाएं दे रही हैं।

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



न्यूज ब्रीफ

द्रमण आश्रम में निशुल्क आध्यात्मिक शिविर आज से

अनंत ज्ञान, राजेंद्र राजन, जय देवी। गांव द्रमण स्थित दिव्याशीष आश्रम में 5 से 11 सितंबर तक निशुल्क आध्यात्मिक शिविर आयोजित किया जाएगा। एडवांस न्यू डाइट सिस्टम फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर में प्रकृति आधारित जीवनशैली, सात्विक आहार और आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप और थायराइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में राहत के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में ध्यान, उपवास, शरीर शोधन, प्रकृति भ्रमण, फलाहार-रसाहार, अनुशासन और सत्संग जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी। आश्रम की आध्यात्मिक मार्गदर्शिका आनंदी मां और संस्थापक सुरेश मलिक प्रतिभागियों को प्रकृति से जुड़कर जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करेंगे। सुरेश मलिक ने कहा कि दिव्याशीष आश्रम उपचार केंद्र नहीं है, बल्कि यहां दवाइयों के बजाय प्रकृति आधारित जीवनशैली, ध्यान और सात्विक आहार पर जोर दिया जाता है। उन्होंने लोगों से शिविर में भाग लेने का आह्वान किया।

श्रीकृष्ण के भजनों से गूंजा माण्डव्य कला मंच

अनंत ज्ञान, भंगरोटू। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माण्डव्य कला मंच, मंडी की ओर से शुक्रवार शाम लूनापानी स्थित मंचीय कार्यालय में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद मंच के कलाकारों ने मनमोहक कृष्ण भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को कृष्णमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष कुलदीप गुलेरिया ने की। इस अवसर पर श्रेया, परमजीत, दीक्षा, आयुष, खुशहाल और आर्यन सहित मंच के कलाकार एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। माण्डव्य कला मंच पिछले 38 वर्षों से हिमाचल की लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। संस्था लोक नृत्य, लोकगीत, संस्कार गीत, लोकगाथा और लोकनाट्य जैसी विधाओं के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मंच का उद्देश्य समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और लोक संस्कृति की जड़ों को मजबूत बनाए रखना है।

चच्योट स्कूल में मुख्यातिथि विवाद ने लिया नया मोड़

◆ ब्रह्मदास चौहान के नाम पर सहमति का दावा एसएमसी ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, गोहर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चच्योट में अंडर-19 छात्र वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि को लेकर विवाद गहरा गया है। स्कूल प्रशासन की ओर से सामने आए लिखित दस्तावेज में कांग्रेस नेता ब्रह्मदास चौहान को मुख्यातिथि बनाने पर सहमति और संबंधित पदाधिकारियों के हस्ताक्षर होने का दावा किया गया है। प्रधानाचार्य किरण चौधरी ने बताया कि दो सितंबर को हुई कलस्टर बैठक में करीब 25 से 30 लोगों ने चौहान के नाम पर सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय नहीं था, बल्कि बैठक में सामूहिक रूप से फैसला लिया गया। बैठक में सेवानिवृत्त सीएचटी टेक चंद और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विशन दास के नाम भी सुझाए गए थे, लेकिन अंतिम सहमति ब्रह्मदास चौहान के नाम पर बनी। वहीं, एसएमसी प्रधान मीना कुमारी ने स्कूल प्रशासन के दावे पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बैठक में तीन नामों पर चर्चा हुई थी और मुख्यातिथि तय करने से पहले एसएमसी से उचित राय नहीं ली गई। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर प्रक्रिया में मनमानी का आरोप लगाया। गौरतलब है कि तीन सितंबर को ब्रह्मदास चौहान के स्कूल पहुंचने पर गेट के बाहर विरोध हुआ था। इस दौरान कहासुनी के बाद धक्कामुक्की की स्थिति भी बनी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और चौहान को सुरक्षा घेरे में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। प्रधानाचार्य ने घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। अब लिखित सहमति के दावे और एसएमसी के आरोपों के बाद विवाद और गहरा गया है।

कोहनी पुल के पास निजी बस में लगी आग, मचा हड़कंप

चंद मिनटों में जलकर हुई खाक, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। कोहनी पुल के पास बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे खड़ी निजी बस (एचपी-28ए-3573) में अचानक आग भड़क उठी। रात करीब साढ़े 12 बजे बस से उठी आग की लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग का गोला बनी बस को देखकर आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में बस बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। अग्निकांड में बस मालिक को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय बस सड़क किनारे खड़ी थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलते ही पुलिस थाना हटली के थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है, हालांकि, वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बस में आग किन परिस्थितियों में लगी और घटना के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं था।

3 महीने बाद भी नहीं निकला पीईटी भर्ती का परिणाम

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर। प्रदेशभर में 870 पोस्ट शारीरिक शिक्षकों की भर्ती के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने सरकार को मार्च 2026 मेंआदेश दिए थे जिसमें 355 पद बैचवाइज भरने की प्रक्रिया 3 जून 2026 से लेकर 10 जून तक काउंसलिंग पूरे प्रदेश में पूरी हो चुकी है। इस भर्ती की चयन प्रक्रिया को आज पूरे 3 महीने हो चुके हैं, पर आज दिन तक इस भर्ती का कोई परिणाम नहीं निकला। यह जानकारी संबंधित देशराज, खेम चंद, जीवन लाल आदि ने देते हुए बताया कि 870 पोस्ट लगभग 2019 से प्रचारित हुई है और फाइनेंस से भी अप्रुवड है। बेरोजगार शारीरिक शिक्षक इस विषय में शिक्षा मंत्री से मिल चुके हैं और हाल ही में 27 अगस्त को मुख्यमंत्री को भी इस बारे अवगत करवाया गया था।

उधर, चंबा में एक दौरे में भी मुख्यमंत्री के साथ इस विषय में बात की थी, तो उन्होंने भी आश्वासन दिया है। बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों को इस ट्रेनिंग को लिए हुए 26 से 29 साल हो चुके हैं। इन सभी शारीरिक शिक्षकों ने सरकार से मांग की है कि जल्दी से जल्दी शारीरिक शिक्षक भर्ती का परिणाम निकाला जाए।

श्रीकृष्ण और राधा के रंग में रंगा एसपीएस स्कूल

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, तताहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नन्हे विद्यार्थी श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा में सजकर विद्यालय पहुंचे। उनकी मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं और उनके आदर्शों को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। उत्कृष्ट वेशभूषा और प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, निदेशक पीसी ठाकुर और प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्तव्य, अनुशासन और सद्भाव का संदेश देता है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में कृष ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। समूह गीत, एकल गीत, संस्कृत गीतिक, श्लोक उच्चारण और वाद्य वादन में विद्यालय की टीम ने जिला स्तर के लिए स्थान बनाया। बैडमिंटन में शिवांश और देव प्रथम रहे।

कागजों में विकास, धरातल पर बदहाल बल्ह: इंद्र सिंह गांधी

◆ विधानसभा में गूंजे सड़क पानी, सिंचाई, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि राजनीति में आने का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि बल्ह की जनता आज भी सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, रोजगार और खेल सुविधाओं जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, जबकि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है।

गांधी ने विधानसभा में भडयाल-मलवाणा-टिक्कर, सकरोहा-नैना माता मंदिर, रत्ती-बाल्ट कोठी-लेदा और नेरचौक-कलखर समेत कई सड़कों की खस्ताहाल स्थिति का मुद्दा उठाया और सरकार से जवाब मांगा।

उन्होंने कंसा चौक डंपिंग साइट का मामला भी उठाते हुए कहा कि इसके आसपास स्कूल, खेल मैदान और पेयजल से जुड़े संस्थान हैं, फिर भी इसे हटाने को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिख रही। विधायक ने भंगरोटू खेल मैदान को युवाओं के लिए सुरक्षित रखने, मेडिकल यूनिवर्सिटी बल्ह में स्थापित करने और किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा देने की मांग की। दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान, रिवालसर थाना बहाली, आईटीआई, पेयजल और रोजगार जैसे मुद्दे भी उन्होंने सदन में उठाए। गांधी के अनुसार मौजूदा विधानसभा सत्र में बल्ह से जुड़े करीब 25 प्रश्न और आठ शून्यकाल के मुद्दे उठाए गए हैं।

गागल में विश्व जागृति मिशन का मासिक सत्संग 6 को

अनंत ज्ञान, मंडी। विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से छह सितंबर, रविवार को हिमाचल धाम आश्रम गागल में मासिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा।

विश्व जागृति मिशन के संस्थापक पूज्य सुधांशु जी महाराज के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को मासिक सत्संग का आयोजन किया जाता है। सत्संग में भव्य संकीर्तन के साथ श्रद्धालुओं को भजन और गुरुवाणी का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद और भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी। विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल के प्रधान प्रवीन कपिला ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं और भक्तों से आग्रह किया है कि वे समय पर हिमाचल धाम आश्रम गागल पहुंचकर सत्संग में भाग लें और भजन, संकीर्तन एवं गुरुवाणी का आनंद लेते हुए इस पावन अवसर के पुण्य के भागीदार बनें।

सरकाघाट में कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। देशभर में कृषि और संबंधित क्षेत्रों में कौशल विकास और किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ।वही सरकाघाट में कृषि विभाग द्वारा सर्विस सेक्टर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत विजडम टेक्नोलॉजी सरकाघाट में चार महीने का कौशल प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जाएगा जिसका शुभारंभ एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र गौतम ने किया.इस कार्यक्रम के तहत 30 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमे सिलाई और ब्यूटीशन के कोर्स शामिल है । जिला परियोजना अधिकारी हेमराज वर्मा ने कहा कि चार महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक महिला को प्रतिदिन सौ रुपय दिया जाएगा उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत महिला आत्मनिर्भर बनेगी और बेरोज़गार महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे कार्य करेगी।

सुख-आश्रय योजना बनी अनाथ बच्चों का अपना सहारा

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। माता-पिता का साया उठने के बाद अनाथ और बेसहारा बच्चों के सामने शिक्षा, पालन-पोषण और भविष्य की चिंता खड़ी हो जाती है। ऐसे बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना उम्मीद की नई किरण बनी है। योजना के तहत सरकार शिक्षा, उच्च अध्ययन, जेब खर्च, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के लिए सहायता उपलब्ध करवा रही है।

◆ जेब खर्च से पढ़ाई और घर तक मदद, करसोग में 23 लाभार्थियों को तीन लाख तक सहायता

करसोग उपमंडल में योजना के तहत 23 पात्र लाभार्थियों को घर निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। यह राशि चार किस्तों में मिलती है और अब तक दो किस्तें जारी की जा चुकी हैं। लाभार्थियों का कहना है कि यह सहायता उनके लिए केवल घर बनाने की मदद नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और अपनेपन का आधार है।

लाभार्थी मनीष कुमार ने बताया कि पहले भविष्य को लेकर चिंता रहती थी, लेकिन योजना से पढ़ाई, जेब खर्च और घर निर्माण में मदद मिल रही है। संजय कुमार ने कहा कि अपना घर होने की उम्मीद कभी नहीं थी, लेकिन सुख-आश्रय योजना ने यह सपना संभव किया है। लाभार्थियों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि योजना से उन्हें अकेलेपन का एहसास कम हुआ है। वे शिक्षा पूरी कर आत्मनिर्भर बनने और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। लोअर नाचन क्षेत्र के अंतर्गत गांव छातर के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जीवन प्रसंगों को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में नर्सरी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। पहली व दूसरी कक्षा के आरव, सुनिधि, सिवन्या, सान्वी, अनमोल, लक्ष्य और आयांश ने कृष्ण लीलाओं पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों ने कृष्ण-रुक्मिणी, राधा-कृष्ण तथा कृष्ण-सुदामा की झांकियों एवं नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सृष्टि, आराध्या, कृष्ण, रुक्मिणी और मृदुल ने विभिन्न पात्रों का शानदार अभिनय किया। वहीं अनिका, दिव्या, सार्थक सिंह चौहान, सक्षम, भव सहित अन्य विद्यार्थियों ने कृष्ण भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

विद्यालय की मुख्य अध्यापिका पुष्पा चौहान ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ सदस्य का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा।

डॉ. प्रवीण के संस्कृत अकादमी सचिव बनने पर डरवाड़ में खुशी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के डरवाड़ गांव निवासी डॉ. प्रवीण कुमार विमल के संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश के सचिव बनने पर गांव में खुशी की लहर है। राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह समेत पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों और दर्जनों ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. प्रवीण कुमार मूल रूप से डरवाड़ के निवासी हैं और वर्तमान में नगर परिषद सरकाघाट के डबरोग वार्ड में रहते हैं। वे शिक्षा विभाग में सहायक निदेशक के पद से करीब तीन वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अनुसार सेवानिवृत्ति के समय वे संस्कृत अकादमी के सचिव पद के लिए एकमात्र पात्र उम्मीदवार थे, लेकिन नियुक्ति में करीब सवा दो वर्ष की देरी हुई। इसके चलते उन्हें हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रवीण कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक चमन लाल उर्फ चमारू राम के पुत्र हैं। उनके सचिव बनने से परिवार और ग्रामीणों में खुशी है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र से संस्कृत अकादमी के सचिव पद पर यह पहली नियुक्ति है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, किसान सभा, महिला मंडलों और ग्रामीणों ने डॉ. प्रवीण कुमार को शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट के रुख से ख्योड़ नलवाड़ मेले पर संकट

अनंत ज्ञान

◆ 17 सितंबर से प्रस्तावित मेले का स्थल सवालों में, बासा कॉलेज क्षेत्र में आयोजन को लेकर कानूनी पेच

सुनील शर्मा, गोहर। हिमाचल प्रदेश में शिक्षण संस्थानों के परिसरों में गैर-शैक्षणिक गतिविधियों और मेलों के आयोजन को लेकर हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद अब नाचन क्षेत्र के जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। 17 सितंबर से प्रस्तावित यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है, लेकिन इस बार आयोजन स्थल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की शिक्षा और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण की कीमत पर शिक्षण संस्थानों के परिसरों का इस्तेमाल गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। ऐसे में बासा कॉलेज के आसपास होने वाले मेले पर भी इसका असर पड़ने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत बासा के पास करीब आठ बिस्वा भूमि है, जबकि ख्योड़ मेला कॉलेज के आसपास लगभग दर्जनों बीघा क्षेत्र में आयोजित होता है। सात दिन चलने वाले मेले के दौरान क्षेत्र में भारी भीड़, शोर-शराबा और अन्य गतिविधियां रहती हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार पंचायत ने कॉलेज परिसर अथवा संबंधित क्षेत्र में मेला आयोजित करने के लिए कोई औपचारिक अनुमति नहीं ली है। पंचायत का तर्क है कि संबंधित भूमि वन विभाग के अधीन है और कॉलेज का उस पर प्रत्यक्ष स्वामित्व नहीं है।

अब सवाल है कि हाईकोर्ट के मौजूदा रुख के बाद वन विभाग और प्रशासन मेले की अनुमति देंगे या नहीं। क्या वैकल्पिक स्थल तलाशा जाएगा? 17 सितंबर की तारीख नजदीक होने के चलते इस पर जल्द स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। परंपरा का सम्मान जरूरी है, लेकिन कानून और विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी भी नहीं की जा सकती।

कलखर-जाहू सड़क पर दो जेसीबी से बैटरियां चोरी

रात के अंधेरे में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट कलखर-ढलवान-जाहू सड़क पर गुम्हू और कलखर के पास सड़क किनारे खड़ी दो जेसीबी मशीनों से अज्ञात चोर बैटरियां चोरी कर ले गए। वारदात का पता शुक्रवार सुबह करीब चार बजे चला।

जेसीबी मालिक लक्की ठाकुर ने बताया कि काम खत्म करने के बाद उन्होंने अपनी जेसीबी को गुम्हू के पास सड़क किनारे खड़ा किया था। सुबह करीब चार बजे उनके मोबाइल फोन पर बैटरी निकाले जाने का अलर्ट आया। मौके पर पहुंचकर देखा तो जेसीबी से बैटरी गायब थी। इसके बाद पता चला कि कलखर के पास खड़ी दूसरी जेसीबी से भी बैटरी चोरी कर ली गई है।

दोनों जेसीबी से चोरी हुई बैटरियों की कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। वारदात से मशीन मालिकों को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पुलिस थाना हटली को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों का सुराग मिल सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दोनों घटनाओं के पीछे एक ही गिरोह का हाथ है या नहीं।

पूर्व प्रधान रूप चंद ने श्रद्धालुओं से झील की पवित्रता बनाए रखने की अपील की

डेहनसर झील में आज होगा पवित्र स्नान

अनंत ज्ञान

छोटाभंगाल घाटी की पवित्र डेहनसर झील। अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल घाटी की पोलिंग पंचायत के अंतर्गत राजस्व विभाग के चौथे उपगांव डेहनसर में करीब 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र डेहनसर झील में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच सितंबर को भादो की 20 प्रविष्टे के अवसर पर पवित्र स्नान किया जाएगा।

पोलिंग पंचायत के पूर्व प्रधान रूप चंद ठाकुर ने छोटाभंगाल, चौहार घाटी सहित दूरदराज क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से पवित्र स्नान के लिए डेहनसर पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु पवित्र झील में स्नान करते समय किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं, ताकि झील की पवित्रता और प्राकृतिक स्वरूप बरकरार रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ शरारती तत्वों की ओर से पवित्र स्नान को लेकर तरह-तरह की अफवाहें और दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है, जिन पर श्रद्धालुओं को ध्यान नहीं देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े इस पवित्र स्थल को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाना उचित नहीं है। रूप चंद ठाकुर ने कहा कि डेहनसर झील का धार्मिक महत्व श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है और यहां पवित्र स्नान तथा देव दर्शन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने देव हुरंग नारायण, देव पशाकोट, देव गहरी, देव अजियापाल, माता बढ़धारण, सतबादनी और फुंगणी सहित देवी-देवताओं के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं से पांच सितंबर को निर्भय होकर पवित्र स्नान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से झील और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया।

लोहारडी स्कूल के स्टूडेंट्स ने कबड्डी में मारी बाजी

अनंत ज्ञान

बरोट। शिक्षा खंड बैजनाथ के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णा नगर में आयोजित खंड स्तरीय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में छोटाभंगाल घाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारडी के छात्र और छात्रा वर्ग ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से लोहारडी स्कूल सहित पूरी छोटाभंगाल घाटी में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता में जीत के बाद स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य जगरनाथ राणा, स्कूल स्टाफ और अन्य विद्यार्थियों ने विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य जगरनाथ राणा ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षक विकास ठाकुर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

'जिसने समय को बर्बाद किया, उसने जीवन का सबसे मूल्यवान हिस्सा खो दिया।'

— बेंजामिन फ्रैंकलिन

संपादकीय

डिजिटल दुनिया में खोता बचपन

इन दिनों दुनिया भर में बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम पर चिंता जताई जा रही है। मोबाइल फोन, सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मनोरंजन ने बच्चों की दिनचर्या को जिस तरह बदल दिया है, उसने अभिभावकों, शिक्षकों और सरकारों के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। आस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 16 साल तक के बच्चों पर स्कूल में मोबाइल ले जाने और टिकटाक, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि के इस्तेमाल पर रोक लगाई। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन आदि देशों ने भी थोड़े-बहुत फेरबदल के साथ ऐसी पाबंदियां लागू की हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, स्पेन, कनाडा, पुर्तगाल, इटली और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी बच्चों के डिजिटल इस्तेमाल को नियंत्रित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

भारत में भी हिमाचल सरकार ने स्कूलों में मोबाइल ले जाने पर पाबंदी लगा दी है। कर्नाटक सरकार 16 साल तक के बच्चों के लिए डिजिटल माध्यमों के इस्तेमाल पर नियंत्रण और स्मार्टफोन के उपयोग पर लगाम लगाने की तैयारी में है। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों का लगातार बढ़ता स्क्रीन टाइम केवल पढ़ाई को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक व्यवहार, एकाग्रता और मानसिक विकास पर भी असर डाल सकता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस तकनीक को आधुनिक जीवन की अनिवार्यता बताया गया, वही तकनीक बच्चों के लिए खतरा क्यों बनती जा रही है? इसका एक उत्तर मुनाफे की उस व्यवस्था में छिपा है, जिसमें उपयोगकर्ता का अधिक से अधिक समय डिजिटल मंचों पर बनाए रखना ही सफलता का आधार बन गया है। ऐसे एल्गोरिदम विकसित किए गए हैं जो उपयोगकर्ता की पसंद को पहचानकर उसे लगातार नई सामग्री दिखाते हैं। बच्चों के मामले में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि उनमें आत्मनियंत्रण और डिजिटल अनुशासन अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुआ होता।

विडंबना यह है कि तकनीक की दुनिया के कई बड़े लोग अपने बच्चों को इसी तकनीक से दूर रखने की कोशिश करते हैं। वे जानते हैं कि लगातार स्क्रीन देखने की आदत बच्चों के जीवन से खेल, प्रकृति, बातचीत और वास्तविक दुनिया के अनुभवों को कम कर सकती है। उनके बच्चे बाहर खेलें, फूलों की खुशबू महसूस करें, पत्तों को देखें और मिट्टी से जुड़ें, ऐसी इच्छा व्यक्त की जाती है। सवाल यह है कि यदि प्रकृति और वास्तविक जीवन के अनुभव इतने महत्वपूर्ण हैं तो यही सुविधा समाज के हर बच्चे को क्यों नहीं मिलनी चाहिए?

आज अमेरिका समेत पश्चिमी देशों में ऐसे कई स्थान हैं, जहां बच्चों को विशेष रूप से मिट्टी में खेलने के लिए ले जाया जाता है। वहां यह माना जाता है कि मिट्टी और प्रकृति के संपर्क से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को लाभ मिलता है। दूसरी ओर ऐसे स्कूल भी हैं जहां मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी है। यह विरोधाभास सोचने पर मजबूर करता है कि क्या तकनीक के इस्तेमाल के भी दो अलग-अलग संसार बन गए हैं। एक ओर संपन्न परिवार अपने बच्चों को डिजिटल माध्यमों से नियंत्रित दूरी पर रखते हैं और दूसरी ओर सामान्य परिवारों के बच्चों को तकनीक को सफलता की पहली सीढ़ी मानने के लिए प्रेरित किया जाता है। कभी हमारे यहां भी बच्चों का मिट्टी में खेलना जीवन का स्वाभाविक हिस्सा था। बच्चे मैदानों में दौड़ते थे, पेड़ों के नीचे खेलते थे और प्रकृति को किताब से नहीं बल्कि अपने अनुभव से समझते थे। धीरे-धीरे स्वच्छता और बीमारियों के डर के कारण बच्चों को मिट्टी और प्राकृतिक वातावरण से दूर किया गया।

आज की प्रमुख हस्ती

शिक्षा के राष्ट्रपुरुष

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के महान शिक्षाविद, दार्शनिक और राजनेता थे। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुत्तनी में हुआ था। वे 1952 से 1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति और 1962 से 1967 तक देश के राष्ट्रपति रहे। इससे पहले उन्होंने 1949 से 1952 तक सोवियत संघ में भारत के राजदूत के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके योगदान ने उन्हें विश्व के प्रतिष्ठित विद्वानों में स्थान दिलाया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
जन्म : 5 सितंबर 1888

राधाकृष्णन का प्रारंभिक जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण से जुड़ा रहा। उन्होंने मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की और दर्शन विषय में विशेष रुचि विकसित की। आर्थिक परिस्थितियों के कारण उन्होंने संयोगवश दर्शन का अध्ययन शुरू किया, लेकिन आगे चलकर यही विषय उनके जीवन का प्रमुख क्षेत्र बन गया। उन्होंने भारतीय दर्शन, धर्म और संस्कृति का गहन अध्ययन किया तथा भारतीय विचार परंपरा को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने मैसूर विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्यापन किया। वे आंध्र विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में उन्हें पूर्वी धर्म और नीतिशास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अकादमिक जिम्मेदारी मिली। उनके लेखन और विचारों ने भारतीय दर्शन की आधुनिक व्याख्या को नई दिशा प्रदान की।

राधाकृष्णन का दर्शन अद्वैत वेदांत की परंपरा से प्रभावित था। वे मानते थे कि मनुष्य को सभी प्राणियों में समानता और एकता का भाव देखना चाहिए। उनके विचारों में प्रेम, भाईचारा, मानवीय गरिमा और नैतिकता को विशेष महत्व प्राप्त था। उन्होंने भारतीय संस्कृति और हिंदू दर्शन के संबंध में पश्चिमी आलोचनाओं का विद्वतापूर्ण उत्तर दिया और भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं को दुनिया के सामने रखा।

राष्ट्रपति के रूप में भी राधाकृष्णन अपनी विद्वता, सरलता और गहरी समझ के लिए प्रसिद्ध रहे। उन्हें 1954 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्हें अन्य कई प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा गया। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक देश के सबसे श्रेष्ठ मस्तिष्कों में होने चाहिए। शिक्षा उनके लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं थी, बल्कि व्यक्ति के चरित्र और विवेक के निर्माण का साधन थी। यही कारण है कि उनके जन्मदिन 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कविता

मेरा हौंसला बढाना तुम

डॉ कौमार्या मनोज

गुरुवर मेरे तुमसे हैं प्रार्थना, मुझको छोड़ न जाना तुम।
आत्मविश्वास का दीप जलाकर, मुश्किले साथ निभाना तुम।।
तू अपनी मेधा के बल पर, मेरा भी भविष्य बनाना तुम।
जो लगू हारने जीवन पथ मैं, मेरा हौसला बढाना तुम।।
भटक गया गर राह कभी तो, जीवन की राह दिखाना तुम।
जीवन डगर, जीवन ही समर हैं, जीवन संघर्ष सिखलाना तुम।।
करके अपने ज्ञान की वर्षा, मुझको भी योग्य बनाना तुम।
प्रकाश पुंज का बन आधार तुम मुझे मेरा कर्तव्य सिखाना तुम।।
नमन तुम्हे हैं गुरुवर मेरे, मुझको छोड़ न जाना तुम।
बन धारा तुम प्रेम नदी की, मेरी नैय्या पार लगाना तुम।।
कभी तू माता, कभी पिता तुम, कभी दोस्त बन जाना तुम।
तू भगवान् से पहले भगवन, परिचय मुझसे मेरा करवाना तुम।।

'राष्ट्र निर्माण के गुप्त सूत्रधार: हमारे शिक्षक'

किसी भी देश का भविष्य उसकी कक्षाओं में गढ़ा जाता है। यह कथन पूरी तरह सत्य है और उस भविष्य को गढ़ने वाले शिल्पकार हमारे शिक्षक हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल उसकी इमारतों, अर्थव्यवस्था या तकनीक पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र और सोच पर निर्भर करती है। सशक्त और अनुशासित नागरिकों के निर्माण का दायित्व शिक्षकों के कंधों पर होता है।

ठाकुर दीक्षित धलारिया।
सन्धोल, मण्डी हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

शिक्षक उस नारियल की भांति होता है जो बाहर से तो कठोर होता है लेकिन अंदर से कोमल होता है। शिक्षक एक ऐसा नाम है, जिसमें ही शिक्षा-शिक्षण और ज्ञान का बोध होने लगता है। एक शिक्षक वह होता है जो अपने शिष्य को जिंदगी की हर चुनौती से लड़ने का साहस, जुनून और जोश भरता है तथा हर छोटे से बड़े ज्ञान की शिक्षा देता है। शिक्षक मनुष्य का एक ऐसा रूप है जिसका व्याख्यान शब्दों में करने लगें तो शब्द कम पड़ जाएं।

महान संत कबीरदास ने गुरु की महत्ता का इस तरह से व्याख्यान किया है— गुरू गोविन्द दोऊ खड़े का के लागु पाँव, बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय।

अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हों तो मुझे गुरु के चरण पहले छूना चाहिए, क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राजा का पद पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरूर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर और गहरा होता है। गुरु ही वह इंसान है जो शिष्य को जीवन की हर मुश्किल से लड़ने का गुर सिखाता है।

कबीरदास ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा है— सब धरती कागज करू, लेखनी सब वनराज। सात समुंद्र की मसि करु, गुरु गुण लिखा न जाए।।

अर्थात यदि पूरी धरती को लपेटकर कागज बना लूं, सभी वनों के पेड़ों से कलम बना लूं और सारे समुद्रों को मथकर स्याही बना लूं, फिर भी गुरु की महिमा को नहीं लिख पाऊंगा। मनु ने विद्या को माता और गुरु को पिता बताया है। माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन गुरु हमें ज्ञान दिलाता है। बिना ज्ञान के कोई भी व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास नहीं कर सकता।

जाता है कि पढ़ना तो किताबों से ही इन्हें बिना शिक्षक के भी पढ़ा जा सकता है। हां, पढ़ा जरूर जा सकता है, लेकिन उस अध्ययन में केवल शब्द ही पढ़े जाएंगे। उनके पीछे छिपा ज्ञान और अनुभव केवल एक गुरु ही शिक्षार्थी को प्रदान कर सकता है।

आज के आधुनिक युग में डिजिटल और इंटरनेट क्रांति से लेकर एआई के जमाने में ज्ञान के कई स्रोत मौजूद हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या आज के समय में शिक्षक की आवश्यकता कम हो गई है? इसका उत्तर है नहीं, बल्कि आज शिक्षक की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इंटरनेट हमें जानकारी दे सकता है, लेकिन ज्ञान और विवेक केवल एक शिक्षक ही दे सकता है। आज शिक्षक केवल सूचना देने वाले नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, मेंटर और सुगमकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं। वे छात्रों को सिखाते हैं कि डिजिटल दुनिया में उपलब्ध अथाह जानकारी में से सही और गलत का चुनाव कैसे किया जाए।

ऑनलाइन कक्षाएं और एआई किताबी तथ्य तो समझा सकते हैं, लेकिन वे बच्चों में मानवीय संवेदनाएं, नैतिक मूल्य, नेतृत्व क्षमता और सही दृष्टिकोण विकसित नहीं कर सकते। एक शिक्षक ही छात्र की मानसिक स्थिति को समझकर उसे असफलता में ढांढस बंधाता है और सफलता पर सही राह दिखाता है। आधुनिक युग में तकनीकी साधन भले बदल गए हों, लेकिन शिक्षक का मार्गदर्शन और आत्मीय स्पर्श आज भी अद्वितीय है।

भारत प्राचीन समय से ही ज्ञान का केंद्र और गुरुओं की तपोभूमि रहा है। गुरुकुलों के उस प्राचीन समय में बच्चों की शिक्षा-दीक्षा संपूर्ण होती थी और शिष्य गुरु से प्राप्त ज्ञान और अनुभव से आगामी जीवन के लिए कमर कसता था। गुरु के प्रति शिष्यों का आदर एक आदर्श स्तर पर रहता था, जिसे आज के जीवन में मापना कठिन है।

एक शिक्षक कक्षा में बैठकर केवल एक विषय नहीं पढ़ाता, बल्कि देश के भावी डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, किसान, नेता और सैनिक तैयार करता है। जब एक शिक्षक अपने छात्रों में ईमानदारी, देशभक्ति, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी के बीज बोता है, तो वह अप्रत्यक्ष रूप से एक मजबूत और समृद्ध समाज की नींव रख रहा होता है।

शिक्षण जैसे आदर्श क्षेत्र को एक व्यवसाय के रूप में बहुत से स्वार्थी लोगों ने तब्दील कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षण केवल मात्र एक व्यवसाय नहीं है। एक सच्चा शिक्षक अपने शिक्षण द्वारा पूरे समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। हमारे भीतर सामाजिक एवं नैतिक मूल्य रोपता है और इस तरह सुसंस्कृत समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यही कारण है कि शिक्षकों को राष्ट्रनिर्माता भी कहा जाता है।

शिक्षकों के इसी योगदान को याद करने के लिए हम हर वर्ष डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस के अवसर पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाते हैं। पुराने समय में शिक्षकों के प्रति इतना आदर भाव होता था कि शिक्षक के सामने गर्दन उठाने की हिमाकत बच्चे नहीं करते थे। आज कई मामलों में गुरु-शिष्य परंपरा के विपरीत व्यवहार देखने-सुनने को मिलता है। माता-पिता हमारे पहले शिक्षक हैं, लेकिन जीवन की वास्तविक और कठिन परीक्षा के लिए हमारे गुरु ही हमें तैयार करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

तकनीक के युग में शिक्षक : ज्ञान ही नहीं, जीवन-दृष्टि के भी निर्माता

शिक्षा का स्वरूप आज जिस तीव्र गति से बदल रहा है, वैसा परिवर्तन शायद पहले कभी देखने को नहीं मिला। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन शिक्षण, आभासी कक्षाएँ और नई शिक्षण पद्धतियाँ सीखने की प्रक्रिया को नया आकार दे रही हैं। बच्चे आज किसी भी विषय की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब ज्ञान और सूचना इतनी सहजता से उपलब्ध है, तब शिक्षक की भूमिका क्या रह जाएगी? वास्तव में तकनीक के विस्तार ने शिक्षक की भूमिका को कम नहीं किया, बल्कि उसे और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। आने वाले समय में शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक और मानवीय मूल्यों के संरक्षक होंगे।

डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, सामाजिक विचारक एवं स्तंभकार, हरियाणा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

परम्परागत रूप से शिक्षक की भूमिका पुस्तकों और पाठ्यक्रम के अध्ययन-अध्यापन तक मानी जाती रही है। लेकिन आज यह भूमिका कहीं व्यापक हो चुकी है। शिक्षक विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए तैयार करना पर्याप्त नहीं है। उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करना, सही और गलत के बीच अंतर समझना, असफलताओं से सीखना, दूसरों के प्रति संवेदनशील रहना और कठिन परिस्थितियों में संतुलित निर्णय लेना भी सिखाना आवश्यक है।

डिजिटल युग ने ज्ञान की सीमाएँ लगभग समाप्त कर दी हैं। इंटरनेट और डिजिटल मंचों ने सूचना का विशाल संसार विद्यार्थियों के हाथों में पहुँचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ ही सेकंड में किसी प्रश्न का उत्तर दे सकती है। लेकिन सूचना और ज्ञान में अंतर है तथा ज्ञान और विवेक में उससे भी बड़ा अंतर है। किसी प्रश्न का उत्तर जान लेना अलग बात है और उस उत्तर का जीवन में उचित उपयोग करना अलग। तकनीक जानकारी उपलब्ध करा सकती है, लेकिन उसका विवेकपूर्ण उपयोग, नैतिकता और मानवीय दृष्टिकोण शिक्षक ही विकसित कर सकते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिकी और स्वचालन के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल की दुनिया भी बदल रही है। आने वाले वर्षों में अनेक पारम्परिक कार्यों का स्वरूप बदलेगा। ऐसे समय में शिक्षा की चुनौती केवल यह नहीं होगी कि विद्यार्थी क्या जानते हैं, बल्कि यह भी होगी कि वे बदलती परिस्थितियों के अनुसार कितना सीख सकते हैं, कितना सोच सकते हैं और समस्याओं का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं। इसलिए भविष्य का शिक्षक स्वयं भी निरन्तर सीखने वाला होगा। जो शिक्षक अपने ज्ञान, तकनीकी दक्षता और शिक्षण-पद्धति को समय के साथ अद्यतन करेंगे, वही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर तैयार कर पाएँगे।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा और कौशल के बीच संतुलन स्थापित करने की है। केवल उपाधियाँ प्राप्त कर लेना जीवन की सफलता की गारंटी नहीं है। संवाद कौशल, समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, सहयोग की भावना और सहानुभूति जैसे गुण भी उतने ही आवश्यक हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों में इन क्षमताओं का विकास करना होगा, ताकि वे केवल अच्छे विद्यार्थी नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बन सकें।

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में शिक्षक की भूमिका और भी व्यापक हो जाती है। शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का आधार भी है। शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ते हुए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संवैधानिक मूल्यों का विकास कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा वास्तव में भविष्य के समाज की प्रयोगशाला है। तकनीक के इस दौर में शिक्षक की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मानवीय संवेदना है। पुस्तक ज्ञान दे सकती है, इंटरनेट सूचना दे सकता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्तर दे सकती है, लेकिन किसी विद्यार्थी की आँखों में छिपी निराशा को पहचानना, उसकी असफलता में उसका मनोबल बढ़ाना और उसे फिर से प्रयास करने की प्रेरणा देना शिक्षक ही कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

भविष्य का शिक्षक किताब से ज्यादा बच्चे को पढ़ेगा

आज शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से अपनी जगह बना रहा है। बच्चे सवाल पूछने, जानकारी जुटाने, नोट्स बनाने और यहां तक कि उत्तर लिखने के लिए ढ्ढ का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या आने वाले समय में शिक्षक की भूमिका समाप्त हो जाएगी? असल में ढ्ढ शिक्षक का विकल्प नहीं, बल्कि शिक्षक का सहायक बन सकता है। मशीन जानकारी दे सकती है, लेकिन बच्चे की भावनाओं को समझना, उसकी कमजोरी पहचानना और उसे सही दिशा देना अभी भी शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आने वाले वर्षों में वह शिक्षक अधिक प्रभावी होगा जो तकनीक से डरने के बजाय उसका उपयोग करना सीखेगा। शिक्षक को केवल विषय पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, मेंटर और समस्या समाधानकर्ता बनना होगा।

सुरजीत सिंह
सहायक आचार्य,राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज, नूरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लंबे समय तक हमारी शिक्षा व्यवस्था में अच्छे अंक प्राप्त करना सफलता का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता रहा है। लेकिन बदलती दुनिया में केवल याददाश्त के आधार पर सफलता हासिल करना मुश्किल होगा। ढ्ढ किसी भी विषय की जानकारी कुछ सेकंड में उपलब्ध करा सकता है। ऐसे में असली क्षमता यह होगी कि विद्यार्थी सही सवाल कैसे पूछता है, जानकारी की सत्यता कैसे जांचता है और उसका उपयोग कैसे करता है। भविष्य का शिक्षक बच्चों को केवल उत्तर नहीं बताएगा, बल्कि उन्हें उत्तर खोजने की प्रक्रिया सिखाएगा। कक्षा में रटने की जगह चर्चा, प्रयोग, परियोजना और समस्या-समाधान को अधिक महत्व देना होगा। भविष्य का स्कूल अच्छे अंक हासिल करने वाले बच्चों से अधिक अच्छे सवाल पूछने वाले बच्चे तैयार करेगा।

आज बच्चों के हाथ में किताब से पहले मोबाइल दिखाई देता है। मोबाइल को पूरी तरह शिक्षा का दुश्मन मानना शायद सही नहीं होगा। समस्या मोबाइल नहीं बल्कि उसका गलत और अनियंत्रित उपयोग है। एक विद्यार्थी मोबाइल से मनोरंजन के साथ-साथ दुनिया के श्रेष्ठ शिक्षकों के व्याख्यान, ई-बुक्स, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और शैक्षणिक सामग्री भी प्राप्त कर सकता है। इसलिए आने वाले समय में शिक्षक और अभिभावकों की भूमिका बच्चों से मोबाइल छीनने की बजाय उन्हें डिजिटल अनुशासन सिखाने की होगी। बच्चे को यह समझना होगा कि तकनीक उसका मालिक नहीं, बल्कि उसका उपकरण है।



हर बच्चा अलग होता है। किसी को गणित आसानी से समझ आता है तो किसी को भाषा में रुचि होती है। कोई बच्चा कक्षा में सवाल पूछता है तो कोई चुप रहकर सीखता है। एक सफल शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, वह बच्चे को पढ़ता है। वह समझता है कि किस विद्यार्थी को अतिरिक्त सहायता चाहिए, कौन बच्चा आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहा है और किसमें कोई विशेष प्रतिभा छिपी हुई है। ढ्ढ और तकनीक शिक्षा को व्यक्तिगत बनाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन बच्चे के व्यक्तित्व को समझने में शिक्षक की मानवीय संवेदना सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

आने वाले समय में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं होगा। रोजगार बाजार तेजी से बदल रहा है और कंपनियां ऐसे युवाओं की तलाश कर रही हैं जिनके पास वास्तविक कौशल हो। विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को भी शिक्षा को केवल परीक्षा और डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहिए। कक्षा और रोजगार के बीच की दूरी कम करना भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता होगी।

शिक्षक का सीखना केवल नौकरी लगने के साथ समाप्त नहीं होता। जिस तेजी से ज्ञान और तकनीक बदल रही है, उसमें शिक्षक को भी लगातार सीखना होगा। नई तकनीक, नई शिक्षण पद्धतियां, नई शोध और विद्यार्थियों की बदलती मनोवैज्ञानिक जरूरतों को समझना आज शिक्षक की आवश्यकता बन चुकी है। भविष्य का श्रेष्ठ शिक्षक वह नहीं होगा जिसे हर सवाल का उत्तर पता हो, बल्कि वह होगा जो बच्चों के साथ मिलकर नया उत्तर खोजने के लिए तैयार हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बच्चों को सफलता नहीं, सार्थक जीवन सिखाएं

हाल ही के दिनों में महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में उन्नीस वर्षीय एक किशोर ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर ली कि उसे नया मोबाइल चाहिए था। उसे बचाते-बचाते उसके माता-पिता की भी मृत्यु हो गई। तीन जिंदगियां सिर्फ एक नए मोबाइल के लिए दुर्लभ मानव जीवन जिए बगैर ही समाप्त हो गईं। उधर राजस्थान में दो सालों के अंदर पढ़ाई के अतिरिक्त दबाव में पचपन युवाओं ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। केवल कोटा में ही 28 बच्चों ने आत्महत्या कर ली।

डा दमन आहूजा
सदस्य - इंस्टीट्यूशनल एथिक्स कमेटी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इधर दिल्ली में देश के सर्वोच्च शिक्षा मंदिर आईआईटी में एमएससी फिजिक्स के एक छात्र ने छठी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। यानी जिस शिक्षा को प्राप्त करने के लिए बच्चे कोटा या अन्य कोचिंग माफियाओं के पास जाते हैं, वह जब प्राप्त हो जाए तो भी कोई गारंटी नहीं कि बच्चा पढ़ाई पूरी करने से पहले अपनी जिंदगी समाप्त नहीं कर लेगा।

ये कैसी शिक्षा हम बच्चों को देना चाहते हैं, जिसके सीखने में ही बच्चे अपनी जिंदगियां खत्म कर रहे हैं? क्या हुआ बच्चे यदि डॉक्टर, इंजीनियर नहीं बनेंगे तो क्या वे मानवीय जीवन में कुछ भी सार्थक नहीं कर पाएंगे? जो भी हो, कम से कम ये सही शिक्षा तो नहीं ही है। ऐसे में जीवन में पुन: शिक्षा के सही मायने तलाश करने का प्रयास करना होगा।

इतना तो तय है कि जिस शिक्षा में करुणा, ममता, संवेदनशीलता, निडरता, सहजता, सरलता, मितव्ययता और दयालुता यदि बच्चे नहीं सीख रहे तो वह कुछ भी हो, शिक्षित होने जैसा तो नहीं ही है। सवाल यह है कि इसे कहां से खोजा जाएगा? रेयर मेटल तो है नहीं कि उपलब्ध न हो। थोड़ा अपनी ही सभ्यता में खंगाल कर देखते हैं।

भारतीय चेतना सदा से भीतर की सजगता अर्थात माइंडफुलनेस की नींव पर टिकी रही है। अर्थात बाहरी परिस्थिति कैसी भी हो, अपने विचारों को साक्षी होकर देखने की कला हम सब में हो। पूरी निर्लिप्तता एवं निसंगतता के साथ समस्या का विश्लेषण करने की ताकत को जो पैदा कर सके, ऐसी शिक्षा हो। इसीलिए पूरा विश्व जब युद्धों में डूबा रहा, तब यहां वसुधैव कुटुम्बकम् की संस्कृति तनाव, अवसाद, नफरत एवं विस्तारवाद की अग्नि को शीतलता प्रदान करती रही है।

समय लगता है, लेकिन धैर्य, सादगी और मितव्ययता सदैव से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं धनलोलुपता के शोर से बचाते रहे हैं। शिक्षा में माइंडफुलनेस सांस लेने से भी ज्यादा जरूरी हो गई है। हमारे यहां शिक्षा हमेशा से स्वयं से जोड़ती रही है। चरित्र निर्माण एवं भीतर की सशक्तता का अभिप्राय रही है।

असल शिक्षित व्यक्ति बहुत धन के पीछे नहीं दौड़ेगा, समाज निर्माण में सहयोग से आनंदित रहेगा। स्वामी राम तीर्थ, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंदो और गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर सभी यहां शिक्षक रहे हैं। उन्होंने नए विचार एवं नई तकनीक को अपनाने से मना नहीं किया। अन्वेषण एवं शोध आधारित दृष्टि प्राचीन काल से इस देश की संपदा रही है, लेकिन संसाधनों को ज्यादा से ज्यादा बटोरकर केवल सुख-सुविधाएं जोड़कर अपना पद ऊंचा करना यहां कभी भी सार्थक जीवन का लक्ष्य नहीं रहा है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि जिस जीवन में शांति नहीं, संतोष नहीं, आनंद नहीं, वह तो नरक से भी बदतर है, भले ही धन कितना भी क्यों न हो। इसका प्रमुख कारण है कि हम जो भी कर रहे हैं, वह दिखाने के लिए और तुलना से उपजी ईर्ष्या के लिए करने लगे हैं। दूसरों से बेहतर जिंदगी जीने की अंतहीन चूहा दौड़ में शामिल हो गए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

युवाओं से वादाखिलाफी कर रही सुक्खू सरकार : संदीपनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने रोजगार के मुद्दे पर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले पहली कैबिनेट में एक लाख पक्की सरकारी नौकरियां देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद इस वादे की परिभाषा ही बदल दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार अब पांच साल में एक लाख नौकरियों देने की बात कर रही है। दिसंबर 2025 तक 32,223 सरकारी नौकरियां दिए जाने और करीब 18 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चलने के सरकार के आंकड़े खुद कांग्रेस की चुनावी गारंटी और मौजूदा स्थिति के बीच का अंतर उजागर करते हैं। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा नौकरी के इंतजार में हैं, जबकि चंद पक्की नौकरियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों को लेकर सरकार के करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नियमित, अस्थायी, आउटसोर्स और निजी क्षेत्र के रोजगार का अलग-अलग स्पष्ट हिसाब जनता के सामने रखे तथा बताए कि पहली कैबिनेट में घोषित एक लाख पक्की नौकरियों में कितनी स्वीकृत हुईं और कितने युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय युवाओं को 58 वर्ष तक की सेवा सुरक्षा वाली पक्की नौकरी का सपना दिखाया गया था, इसलिए अब नए आंकड़ों और लक्ष्यों के बजाय कांग्रेस को अपनी मूल गारंटी का हिसाब देना चाहिए।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रैषभ ने जीता स्वर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में आयोजित राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झाकड़ी के छात्र रैषभ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 30 अगस्त से 2 सितंबर तक हुई प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा के नॉन-मेडिकल छात्र रैषभ ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे रामपुर क्षेत्र में खुशी की लहर है। रैषभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिव सिंह कैंगटा और गुरु राम सिंह सिहान के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण को दिया। मूल रूप से रामपुर के झाकड़ी निवासी रैषभ के पिता सुरेश कुमार किसान और माता ममता गृहिणी हैं। शिक्षकों और परिजनों ने उनकी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रैषभ की सफलता स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनी है।

रोहड़ू में 19.28 ग्राम चिट्टे समेत एक दबोचा

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 19.28 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में 26 वर्षीय शुभम निवासी रोहड़ू को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना चिड़गांव के तहत की गई। पुलिस के अनुसार नशे की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डिटेक्शन सेल रोहड़ू की टीम को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मंडली पुल के पास कार्रवाई की। यह स्थान उप-तहसील जांगला क्षेत्र में आता है। पुलिस टीम ने मौके पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 19.28 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस थाना चिड़गांव में केस दर्ज किया गया है। मामला एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को अब न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था और इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की क्या जानकारी सामने आती है।

दस दिन की तपिश, विपक्ष की धार पड़ी कुंद

मानसून सत्र में सुक्खू सरकार का दबदबा कायम, 786 सवालों के जवाब और सात विधेयक पारित

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र भले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया हो, मगर दस बैठकों की सियासी तस्वीर अपने पीछे एक साफ संदेश छोड़ गई है, सत्ता पक्ष ने सदन पर अपनी पकड़ बनाए रखी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं मोर्चा संभालकर विपक्ष की घेरेबंदी को निर्णायक दबाव में तब्दील नहीं होने दिया।

21 अगस्त से 3 सितंबर तक चले 14वीं विधानसभा के 12वें सत्र में 45 घंटे 30 मिनट कार्यवाही हुई और 91 फीसदी उत्पादकता दर्ज की गई। 786 सवालों के जवाब दिए गए, शून्यकाल में 34 विषय उठे और सात सरकारी विधेयक पारित हुए। सदन में तल्खी, नारेबाजी और आरोप-प्रत्यारोप के बावजूद सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने में कामयाब रही। यही वह बिंदु है जहां मानसून सत्र का राजनीतिक मूल्यांकन सरकार के पक्ष में जाता दिखाई देता है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं

◆विपक्ष के हर वार का जवाब देकर सरकार को रखा मजबूती से आगे

◆विपक्ष मुद्दे उठाता रहा, मगर सरकार को पीछे नहीं धकेल सका

छोड़ी। रोजगार, भर्तियों, बंद किए गए संस्थानों, आपदा राहत, स्वास्थ्य, वित्तीय स्थिति और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता जैसे मुद्दों पर विपक्ष ने सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। सदन के भीतर तीखे सवालों से लेकर बाहर राजनीतिक माहौल बनाने तक विपक्ष सक्रिय रहा। मगर, सुक्खू ने विपक्ष को मुद्दा-दर-मुद्दा जवाब देकर उसके हमले को किसी एक बड़े राजनीतिक संकट का रूप नहीं लेने दिया।

विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक समेत सरकार के प्रस्तावित विधायी एजेंडे को विपक्ष के विरोध के बावजूद आगे बढ़ाया गया। जयराम ठाकुर ने दबाव बनाने की पूरी कोशिश की, मगर सरकार को किसी बड़े फैसले से पीछे हटने के लिए मजबूर नहीं कर पाए। सत्र का यही सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक निष्कर्ष रहा–विपक्ष की आवाज मुखर रही, लेकिन सत्ता की दिशा बदलने वाली ताकत नहीं बन सकी।

सत्र के बाहर भी सरकार के सामने कर्मचारी असंतोष और संभावित आंदोलन का मोर्चा चर्चा में रहा। विपक्ष की कोशिश थी कि कर्मचारियों की नाराजगी को विधानसभा के भीतर के राजनीतिक संघर्ष से जोड़कर सरकार पर व्यापक दबाव बनाया जाए। विधानसभा घेराव और बड़े प्रदर्शन की चर्चाओं ने माहौल जरूर बनाया, मगर यह विरोध उस निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंच पाया जहां सरकार को तत्काल राजनीतिक रूप से रक्षात्मक होना पड़ता। लिहाजा सदन के भीतर विपक्ष की घेरेबंदी और बाहर कर्मचारी असंतोष—दोनों मिलकर भी ऐसा दबाव नहीं बना सके जिससे सरकार की सियासी जमीन हिलती। सुक्खू की रणनीति का असर यही रहा कि अलग-अलग मोर्चों पर उठ रहे सवालों को उन्होंने एकजुट राजनीतिक चुनौती बनने से पहले ही जवाबों और राजनीतिक प्रतिवाद के जरिए बांट दिया।

सियासी बारिश में सरकार का पलड़ा रहा भारी

मानसून सत्र का हिसाब-किताब सरकार के पक्ष में अधिक वजनदार रहा

अंततः मानसून सत्र का हिसाब-किताब सरकार के पक्ष में अधिक वजनदार दिखाई देता है। सात विधेयकों का पारित होना, 786 सवालों के जवाब, 45 घंटे 30 मिनट की कार्यवाही और 91 फीसदी उत्पादकता सरकार की विधायी उपलब्धि का मजबूत आधार हैं। जयराम ठाकुर ने विपक्ष की भूमिका पूरी ताकत से निभाई। सरकार को कई मुद्दों पर घेरा और राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश की। मगर न तो कोई बड़ा विधायी फैसला रुकवा पाए और न ही सरकार को अपने प्रमुख एजेंडे से पीछे हटने पर मजबूर कर सके। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में स्वयं मोर्चा संभालकर सत्ता पक्ष की रणनीति को नेतृत्व दिया और यही इस पूरे सत्र की सबसे बड़ी राजनीतिक तस्वीर बनकर उभरी-विपक्ष के पास प्रहार बहुत थे, मगर सरकार के पास जवाब, संख्या और सत्ता का नियंत्रण था। मानसून की सियासी बारिश में आखिरकार सरकार का छाता ज्यादा मजबूत साबित हुआ।

अब डिजिटल नक्शे से मजबूत होगी सड़कों की सुरक्षा : विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान

◆संशोधित कानून में त्वरित मरम्मत, सख्त कार्रवाई और आसान अपील की व्यवस्था

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश विधानसभा से पारित 'हिमाचल प्रदेश सड़क अवसंरचना संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2026' को सड़क सुरक्षा, रख-रखाव और प्रबंधन व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि संशोधनों का उद्देश्य कानून के प्रवर्तन को तेज, प्रभावी और पारदर्शी बनाना है।



नए प्रावधानों के तहत सड़क अवसंरचना के डिजिटल और जियो को-ऑर्डिनेटेड मानचित्र तैयार किए जाएंगे। सड़क सीमाओं का डिजिटल सीमांकन होने के बाद बार-बार भौतिक सीमांकन की जरूरत नहीं होगी। इससे सड़क किनारे निर्माण की अनुमति और एनओसी की प्रक्रिया तेज होगी।

क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और जल निकासी संरचनाओं की तत्काल बहाली का प्रावधान भी किया गया है। नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति से मरम्मत का खर्च और निर्धारित जुर्माना वसूला जाएगा। आपात स्थिति में विभाग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई कर सकेगा और रख-रखाव या सुरक्षा कार्यों के दौरान सड़क को अस्थायी रूप से बंद भी कर सकेगा।

संशोधन में अपराध संबंधी प्रावधानों को भी तर्कसंगत बनाया गया है। हर उल्लंघन को आपराधिक अपराध नहीं माना जाएगा। गंभीर या लगातार जारी उल्लंघनों पर ही आपराधिक कार्रवाई होगी। आपत्तियों और अपील की समयसीमा बढ़ाने के साथ सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर स्तर पर अपीलीय व्यवस्था भी की गई है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रामपुर के बाजारों में उमड़ी भीड़

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर रामपुर बुशहर के बाजारों में खासी रौनक और त्योहारी उल्लास देखने को मिला। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है, जिसका सीधा असर बाजार की चहल-पहल और भारी भीड़ के रूप में नजर आया। त्योहार की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोग सुबह से ही बाजारों का रुख करने लगे थे।

श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के अभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए पंचामृत की सामग्री, चंदन, रोली, धूप, दीप और ताजे फलों की खूब खरीदारी की। इसके अलावा, बाल गोपाल (लड्डू गोपाल) के लिए सुंदर वस्त्र, मुकुट, बांसुरी, आभूषण और पालने खरीदने के लिए भी दुकानों पर लोगों का तांता लगा रहा। जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर रामपुर के सत्यनारायण मंदिर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मंदिर में विशेष सजावट की गई है। सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के सचिव विनय शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी के मौके पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है।

मृदा जांच के गुर सीखने हिमोर्ड पहुंचे विद्यार्थी

उन्नत उपकरणों के संचालन और गुणवत्ता परीक्षण के लिए टिप्स

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभ पंत मैमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, रामपुर बुशहर के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से खनेरी स्थित हिमोर्ड मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मिट्टी के नमूनों की जांच, उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों के संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा। विशेषज्ञों ने पीएच मान निर्धारण, पोषक तत्वों के विश्लेषण और विभिन्न रासायनिक घटकों की जांच का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

हिमोर्ड के निदेशक डॉ. आरएस मिनहास ने विद्यार्थियों को मृदा नमूना संग्रह से लेकर प्रयोगशाला परीक्षण और किसानों के लिए उर्वरक अनुशंसा तक की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी), एटॉमिक एब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर तथा गुणवत्ता आश्वासन प्रोटोकॉल के बारे में भी बताया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को प्रयोगात्मक अनुभव से जोड़ना रहा। शैक्षणिक दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. शिवाली ठाकुर, सहायक प्रोफेसर अनिल कुमार और प्रयोगशाला सहायक विनोद कुमारी ने किया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी ने सफल आयोजन पर विद्यार्थियों को बधाई दी।

भक्ति के रंग में रंगा टूटू, श्रीकृष्ण की लीलाओं ने मोहा लोगों का मन

कृष्ण जन्माष्टमी पर सजे कलाकार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर टूटू में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जीवन प्रसंगों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। राधा-कृष्ण की भक्ति से सजे गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

नन्हे कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से दर्शकों का ध्यान खींचा। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी मनमोहक लीलाओं की प्रस्तुति पर पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। उपस्थित लोगों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए जन्माष्टमी की खुशियां साझा कीं और भगवान श्रीकृष्ण से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

शिमला के चौपाल में चिट्टे के साथ 4 युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला जिले के चौपाल थाना क्षेत्र में पुलिस ने 14 ग्राम चिट्टा बरामद करने के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर पुलिस थाना चौपाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 3 सितंबर को एएसआई जगदीश सिंह पुलिस टीम के साथ खिड़की की ओर गश्त पर थे। देर शाम पुलिस टीम ने खिड़की में एक ऑल्टो कार को रोका।

पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 14 ग्राम चिट्टा बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद चिट्टा कार में सवार चार लोगों के कब्जे से मिला। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनिकेत ब्रागटा (26) निवासी गोरली मड़ावग, चौपाल, संजीव (31) निवासी मड़ावग, चौपाल, अक्षय ठाकुर (24) निवासी मड़ावग चौपाल और विनोद सिंह (24) निवासी नेपाल के रूप में हुई है।

भाजपा ने कीं परिवहन, देव समाज और बुनकर प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां

अनंत ज्ञान

◆प्रदेश सह संयोजकों और जिला संयोजकों को सौंपी जिम्मेदारी

ब्यूरो, शिमला। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए परिवहन, देव समाज और बुनकर प्रकोष्ठों में प्रदेश सह संयोजकों एवं जिला संयोजकों की नियुक्तियां की हैं। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

भाजपा परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार राणा ने रमेश कमल, संजय ठाकुर और महेंद्र मनकोटिया को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। देव समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रेम प्रसाद पंडित ने मीना शर्मा, प्रकाश बंसल और मकर ध्वज को प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी दी है। वहीं, बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिवचरण चौहान ने अनिल कल्हान, दाबा ठाकुर, जीवानंद ठाकुर और सुखराम को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। देव समाज प्रकोष्ठ में चंबा, देहरा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, महासू, मंडी, नूरपुर, पालमपुर, शिमला, सोलन, सुंदरनगर, सिरमौर और ऊना में जिला संयोजकों की नियुक्तियां की गई हैं। बुनकर प्रकोष्ठ में मंडी से लाल दास और किन्नौर से विद्यासागर को जिला संयोजक बनाया गया है।

प्रदेश संयोजकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई टीम परिवहन क्षेत्र, देव समाज, बुनकरों और हस्तशिल्पियों से जुड़े वर्गों के साथ संवाद मजबूत करेगी तथा भाजपा की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

कैग रिपोर्ट ने खोली सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन की पोल : जयराम

अनंत ज्ञान

राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते जयराम ठाकुर।

शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मानसून सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में पेश महालेखा परीक्षक (कैग) की ऑडिट रिपोर्ट ने सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और कथित भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टेंडरिंग, खरीद प्रक्रिया और टैक्स वसूली समेत विभिन्न मामलों में अनियमितताएं सामने आई हैं, जिससे प्रदेश को राजस्व का नुकसान हुआ।

जयराम ने कहा कि बिना बजट के करीब 438 करोड़ रुपए खर्च किए गए, जबकि बिना खर्च किए 673 करोड़ रुपए की योजनाओं के प्रावधान किए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का राजस्व और राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है और सरकार को इन वित्तीय अनियमितताओं के कारण स्पष्ट करने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में एक ही आईपी एड्रेस से बोलियां लगाए जाने तथा बोलियों में मामूली अंतर पाए जाने की बात ऑडिट रिपोर्ट में सामने आई है।

उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि विभागीय संसाधनों के दुरुपयोग और कथित मिलीभगत की सच्चाई जनता के सामने आनी चाहिए। उन्होंने सरकार की एक प्रमुख नियुक्ति को रद्द कर पात्र व्यक्ति की नियुक्ति के आदेश का स्वागत किया। जयराम ने कहा कि सरकार को मनमाने फैसलों से बचते हुए संविधान और कानून के दायरे में काम करना चाहिए। जन्माष्टमी के अवसर पर जयराम ठाकुर ने शिमला के गंज बाजार स्थित श्री कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की।

उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और प्रसन्नता की कामना करते हुए सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भी शिष्टाचार भेंट की।

व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।
मुकदमा नः- 187/T/25
किस्म मुकदमाः तकसीम
तारीख पेशीः- 06-10-2026
1. विनोद कुमार पुत्र मेला राम, 2. अंजू बाला पुत्री मेला राम, 3. मंजू बाला पुत्री मेला राम, 4. रंजू बाला पुत्री मेला राम वासीगण महाल छड़ोल आरली तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0
वनाम- 1. दीना नाथ पुत्र राम सरन, 2. वरिन्द्र कुमार पुत्र दया राम, 3. मंशा राम पुत्र बलाकी, 4. धनी राम पुत्र लछमन, 5. भागन पुत्री सालिग्राम, 6. बीरबल पुत्र अमीं चंद वासीगण महाल छड़ोल आरली तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0
विषयः- भूमि तकसीम खाता नम्बर 139, खतौनी 151, खसरा किता 02 रकवा 0-06-48 है0 स्थित महाल छड़ोल आरली तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 जमावन्दी वर्ष 2022-23.
समन वनामः- R-1, 4, 5, 6
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों को कई बार सनम जारी किये गये परन्तु उनकी तामील साधारण तरीके से न हो पा रही है। अतः अब इस अख्वारी इश्तेहार द्वारा उपरोक्त प्रतिवादिगण व अन्य हितवद को सूचित किया जाता हैं कि वह उपरोक्त केस की पैरवी हेतू अगली पेशी दिनांक 06-10-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 01-09-2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।

गुहार | रोहित ठाकुर ने नड्डा को पत्र लिख की जल्द उर्वरक उपलब्ध करवाने की मांग

हिमाचल में कैन उर्वरक की भारी किल्लत, सेब बागवान परेशान

अनंत ज्ञान

◆यूरिया सहित महंगे विकल्पों पर बढ़ी निर्भरता

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट (कैन) उर्वरक की उपलब्धता न होने से सेब उत्पादकों के सामने पैदा हुई मुश्किलों का मामला अब केंद्र सरकार के दरबार तक पहुंच गया है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन तथा उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर सेब उत्पादकों के लिए कैन उर्वरक की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सेब उद्योग प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और प्रतिवर्ष करीब 6,000 करोड़ रुपए का आर्थिक योगदान देता है। ऐसे में बागवानों को उनकी जरूरत के अनुरूप किफायती उर्वरक उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। रोहित ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कैन का उत्पादन बंद होने के बाद बागवानों को यूरिया, कैल्शियम नाइट्रेट और मिश्रित एनपीके उर्वरकों जैसे विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सेब के बगीचों की विशिष्ट पोषक तत्वों की जरूरतों को देखते हुए ये विकल्प हर स्थिति में उपयुक्त नहीं हैं और कई उर्वरक अपेक्षाकृत महंगे भी पड़ रहे हैं।

उन्होंने विशेष रूप से यूरिया के लंबे समय तक इस्तेमाल से मिट्टी की अम्लता बढ़ने, मिट्टी की संरचना प्रभावित होने और पौधों की जड़ों को नुकसान जैसी संभावित समस्याओं की ओर केंद्र का ध्यान खींचा। सेब उत्पादन के विस्तार के बावजूद पेड़ों के शीघ्र खराब होने और उत्पादकता में कमी जैसी चुनौतियां भी बागवानों की चिंता बढ़ा रही हैं।

केंद्र ने जांच का दिया भरोसा जल्द कार्रवाई की उम्मीद

शिक्षा मंत्री ने केंद्र सरकार से संबंधित अधिकारियों और उर्वरक निर्माताओं को कैन के उत्पादन तथा इसकी उपलब्धता जल्द बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देने का आग्रह किया। पत्र के जवाब में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आश्वासन दिया कि संबंधित डिविजन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और बागवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस आश्वासन के बाद प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। रोहित ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बागवानों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और हिमाचल की सेब अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी कृषि इनपुट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

राज्य शिक्षक पुरस्कार चयन पर उठे सवाल, 31 के बजाय 21 नामों से विवाद

अनंत ज्ञान

◆नियमों पर सवाल; पारदर्शिता कठघरे में, राज्यपाल से निष्पक्ष जांच की मांग

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के वर्ष 2026 के राज्य शिक्षक पुरस्कारों के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विभिन्न जिलों के 11 शिक्षकों के एक समूह ने राज्यपाल को पत्र भेजकर चयन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं, निर्धारित मानदंडों के उल्लंघन और पारदर्शिता की कमी पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

शिक्षकों का कहना है कि अधिसूचना के अनुसार सामान्य क्षेत्र के 16, जनजातीय क्षेत्र के 9 और विशेष श्रेणी के 6 पुरस्कार समेत कुल 31 पुरस्कार निर्धारित थे, जबकि अंतिम चयन सूची में 21 नाम ही शामिल किए गए हैं। ऐसे में अधिसूचना और अंतिम सूची के बीच अंतर की जांच की मांग उठी है।

जानकारी के अनुसार मामला केवल पुरस्कारों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। शिक्षकों के अनुसार नियमों के मुताबिक जिन अभ्यर्थियों को राज्य शिक्षक पुरस्कार पहले मिल चुका है, उन्हें दोबारा पुरस्कार के लिए पात्र नहीं माना जाना चाहिए। इसके बावजूद जेबीटी शिक्षिका सृष्टि शर्मा को कथित रूप से दूसरी बार पुरस्कार दिए जाने का मामला सामने आने का दावा किया गया है। शिक्षकों ने इस मामले में पात्रता और नियमों के अनुपालन की जांच की मांग की है। इसी तरह चयन प्रक्रिया में निर्धारित साक्षात्कार को लेकर भी सवाल उठाया गया है।

चयन पर गंभीर सवालः ज्ञापन में सबसे गंभीर आरोप डीआईईटी शिमला के प्रधानाचार्य वीरेंद्र चौहान के नाम को लेकर लगाया गया है। शिक्षकों का दावा है कि 29 अगस्त को आयोजित साक्षात्कार के लिए जारी शॉर्टलिस्ट में उनका नाम नहीं था, लेकिन बाद में उनका नाम अंतिम राज्य शिक्षक पुरस्कार सूची में शामिल कर लिया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि साक्षात्कार चयन प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा था तो बिना इंटरव्यू किसी अभ्यर्थी का अंतिम चयन कैसे हुआ-यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। शिक्षकों ने राज्यपाल से पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच करवाकर चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

निविदा सूचना

एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति नगर विकास खंड नगर/विकास खंड कार्यालय जिला कुल्लू हि0 प्र0 द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें निम्न दो कार्यों का शीघ्र निष्पादन किया जाना है।
1. अपग्रेडेशन कार्यालय पंचायत समिति अध्यक्ष नग्गर
2. निर्माण शौचालय पंचायत समिति अध्यक्ष कार्यालय नग्गर
अतः निविदा धारकों से अनुरोध है कि दिनांक 09-09-2026 तक प्रातः 11:00 बजे तक पंचायत समिति कार्यालय नग्गर से सूची प्राप्त कर अपनी दरें देने की अनुकम्पा करें। निविदा 10-09-2026 को 11:00 बजे प्रातः कमेटी द्वारा खोली जाएगी। कमेटी का निर्णय अंतिम होगा या निविदा रद्द करने का अधिकार कमेटी के पास रहेगा।
अध्यक्ष/सचिव
पंचायत समिति नग्गर जिला कुल्लू

दुर्गा माता मंदिर में श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनंत ज्ञान, मनाली। पर्यटन नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह से ही दुर्गा माता मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ से मनाली का मालरोड भी कृष्ण भक्ति में सराबोर नजर आया। 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी', 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'गोविंद बोलो, हरि गोपाल बोलो' जैसे भजनों से दिनभर मालरोड गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। मंदिर के समीप मालरोड पर भगवान श्रीकृष्ण को झूला भी झुलाया गया। जन्माष्टमी का व्रत रखने वाली महिलाएं भी सुबह से मंदिर पहुंचती रहीं और पूजा-अर्चना कर पुण्य कमाया। जम्मू निवासी बाबा केदारनाथ ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे हुआ था। इसी पावन अवसर की स्मृति में हर वर्ष जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 28 वर्षों से मनाली में जन्माष्टमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से जागरण और भंडारे में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया।

झूले में विराजमान हुए सृष्टि के पालनहार देव श्री बड़ा छमाहूं, दलयाड़ा मंदिर में जन्माष्टमी पर्व का शुभारंभ

सैकड़ों श्रद्धालु छमाहूं को झूला झुलाकर अर्जित करेंगे पुण्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। दलयाड़ा स्थित प्रसिद्ध मंदिर में जन्माष्टमी पर्व का शुभारंभ धार्मिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हो गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर सृष्टि के पालनहार देव श्री बड़ा छमाहूं को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद झूले में विराजमान किया गया।

मान्यता के अनुसार जन्माष्टमी के दौरान देव श्री बड़ा छमाहूं को झूला झुलाना विशेष पुण्यदायी माना जाता है। इसी आस्था के चलते पर्व के दौरान श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर देवता के दर्शन करेंगे और उन्हें झूला झुलाकर पुण्य अर्जित करेंगे।

मंदिर परिसर में इस दौरान धार्मिक वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु पारंपरिक विधि-विधान के साथ देवता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। देव श्री बड़ा छमाहूं को विशेष धार्मिक मान्यता है। गौर रहे कि छमाहूं के एक ही रथ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदि शक्ति और शेष सहित छह शक्तियों का समावेश है। यही कारण है कि देव श्री बड़ा छमाहूं को क्षेत्र में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सृष्टि के निर्माण और संचालन के लिए भगवान विष्णु ने छह शक्तियों को अपने में समाहित किया था। इन्हीं शक्तियों के प्रतीक स्वरूप देव श्री बड़ा छमाहूं की आराधना की जाती है। जन्माष्टमी के अवसर पर देवता को झूले में विराजमान करने की परंपरा इसी धार्मिक आस्था और प्राचीन देव संस्कृति से जुड़ी हुई है, क्योंकि भगवान विष्णु ने ही द्वापर युग में कृष्ण अवतार लिया था। लोग दूर-दूर से पहुंचकर देव श्री बड़ा छमाहूं के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगे। देवता के कारदार पालसरा एवं समस्त कारकानून ने बताया कि शुक्रवार को देवता को झूला में बिठाया गया और शनिवार दोपहर तक कार्यक्रम रहेगा।



सैंज आईटीआई संस्थान में पेंटर ट्रेड बंद, भाजपा नेता ने किया विरोध

अनंत ज्ञान

◆ ओम प्रकाश ठाकुर बोले-सरकार ने निर्णय को वापस नहीं लिया तो होगा प्रदर्शन

सैंज। प्रदेश सरकार की ओर से कुल्लू जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैंज में संचालित इकलौते 'पेंटर ट्रेड' को बंद कर दिया गया है, जिससे संस्थान में व्यावसायिक प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार के इस छात्र विरोधी फैसले पर बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व में आईटीआई के अध्यक्ष रहे ओम प्रकाश ठाकुर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि यह ट्रेड जल्द बहाल नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता और युवाओं को साथ लेकर जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। भाजपा नेता ने स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार घाटी के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है किंतु सत्ताधारी दल के नेता मौन है। ओम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2000 में घाटी के युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए सैंज में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की तथा तीन दशकों से निरंतर पेंटर ट्रेड की कक्षाएं चलती रही लेकिन इस सत्र में प्रदेश सरकार ने आईटीआई में पेंटर ट्रेड की कक्षाएं बंद करने का फैसला लिया है जो कि न्याय संगत नहीं है। सरकार की लापरवाही के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। भाजपा नेता ने सरकार से मांग की है कि सैंज आईटीआई में पेंटर ट्रेड पुन: शुरू किया जाए अन्यथा संघर्ष का बिगुल बजाया जाएगा।

उधर, आईटीआई के प्रधानाचार्य प्रेमनाथ सिंह ने बात की तो उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी के चलते फिलहाल आगामी कक्षाएं संचालित नहीं की जाएगी। जबकि पूर्व में प्रशिक्षण ले रहे छात्र अपने पढ़ाई जारी रखेंगे।

घटासनी-भुभू जोत-कुल्लू मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग की सैद्धांतिक मंजूरी

अनंत ज्ञान

◆ जोगिंदरनगर से कुल्लू की दूरी 50 किमी होगी कम

◆ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने केंद्र का जताया आभार

पतलीकूहल। सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी-शिल्हबुद्धानी-भुभू जोत-कुल्लू मार्ग को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बोलियां आमंत्रित की हैं। डीपीआर का कार्य 12 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया।

अखिलेश कपूर ने कहा कि मार्ग और भुभू जोत सुरंग के निर्माण से जोगिंदरनगर से कुल्लू के बीच दूरी करीब 50 किलोमीटर कम हो जाएगी। यह मार्ग लेह-लद्दाख सीमा की ओर जाने वाली सेना के लिए सुरक्षित वैकल्पिक संपर्क बनेगा। साथ ही मंडी और कुल्लू के पर्यटन, बागवानी तथा व्यापार को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना का प्रस्ताव वर्ष 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने केंद्र को भेजा था। एनएचएआई डीपीआर को दो चरणों में पूरा करेगा। पहले चरण में तकनीकी एवं आर्थिक फिजिबिलिटी स्टडी होगी, जबकि दूसरे चरण में विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइन, भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियों की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परियोजना की प्रस्तावित लंबाई 67.50 किलोमीटर है। इसमें चार बड़े पुल और 6.125 किलोमीटर लंबी चार सुरंगें प्रस्तावित हैं। कुल अनुमानित लागत 1831.94 करोड़ रुपए है, जिसमें सुरंगों पर 1096.50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। करीब 162.76 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। इससे सफर का समय घटने के साथ क्षेत्र को बारहमासी सुरक्षित संपर्क मिलेगा।

प्रवासी मजदूरों, किरायेदारों और अन्य बाहरी लोगों का पंजीकरण व सत्यापन जरूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू में कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए जिला दंडाधिकारी सुरजीत सिंह राठौर ने बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। इसके तहत प्रवासी मजदूरों, कामगारों, किरायेदारों और अन्य बाहरी व्यक्तियों का संबंधित पुलिस थाना या चौकी में पंजीकरण व सत्यापन अनिवार्य होगा। नियोक्ताओं व ठेकेदारों को श्रमिकों के पहचान प्रमाण, स्थायी पता, संपर्क नंबर, कार्य की प्रकृति और स्थानीय पते की जानकारी पुलिस को देनी होगी। घरेलू सहायकों पर भी यह व्यवस्था लागू होगी।

मकान मालिकों को किरायेदारों का पंजीकरण करवाना होगा। होटल, होम-स्टे और गेस्ट हाउस संचालकों को प्रत्येक आगंतुक के पहचान दस्तावेज व मोबाइल नंबर का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। फेरीवालों, विक्रेताओं, रेहड़ी-फड़ी संचालकों, मोचियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के ठेका श्रमिकों का पंजीकरण भी आवश्यक है। आदेश 3 सितंबर 2026 से दो माह प्रभावी रहेगा। उल्लंघन पर बीएनएस की धारा 223 के तहत कार्रवाई होगी। पंचायतों व शहरी निकायों को अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नेपाल त्रासदी के चलते रद्द हुआ हरितालिका तीज उत्सव

अनंत ज्ञान

◆ प्रवासी साझा मंच ने की आर्थिक मदद की अपील

ब्यूरो, कुल्लू। प्रवासी साझा मंच हिमाचल राज्य समिति द्वारा आगामी 14 सितंबर को आयोजित किया जाने वाला 'हरितालिका तीज उत्सव' नेपाल में आई भीषण त्रासदी के कारण रद्द कर दिया है। यह पवित्र त्यौहार हिंदू महिलाओं से संबंधित है और इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश की अग्रणी सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था 'सूत्रधार कला संगम' के संरक्षण में प्रस्तावित था। प्रवासी साझा मंच के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने जानकारी दी कि नेपाल में घटित इस दुखद आपदा से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं, जिससे सभी को गहरा आघात पहुंचा है। ऐसे कठिन और पीड़ादायक समय में किसी भी प्रकार का उत्सव मनाना उचित नहीं समझा गया। इसी संवेदनशीलता के चलते कार्यक्रम को पूरी तरह से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि और घायलों के स्वास्थ्य की कामना: आयोजकों की ओर से नेपाल त्रासदी में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। इसके साथ ही, इस आपदा में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति भी गहरी सहानुभूति व्यक्त की गई है। संस्था ने स्पष्ट किया कि इस संकट की इस घड़ी में पूरा समाज नेपाल के पीड़ित परिवारों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है।

प्रवासी साझा मंच ने प्रदेशवासियों, प्रवासी समुदाय, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और सभी दानदाताओं से अपील की है कि वे नेपाल के प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा: कसोल खाता संख्या: 44851766207 आईएफएससी कोड : SBIN0064493 संस्था द्वारा जुटाई गई संपूर्ण राशि सीधे नेपाल के जरूरतमंद और त्रासदी से प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जाएगी। मंच ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस मानवीय अभियान से जुड़कर मानवता का परिचय दें।

लाहौल-स्पीति के नए डीएसपी केडी शर्मा ने संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। उपमंडल केलांग में नवनियुक्त डीएसपी केडी शर्मा ने पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, कानून-व्यवस्था और पर्यटकों की सुरक्षा को अपनी प्रमुख प्राथमिकताएं बताया। इससे पहले वह मनाली में तीन वर्षों से अधिक समय तक डीएसपी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि अटल टनल रोहतांग के खुलने के बाद लाहौल-स्पीति में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने पर्यटकों से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और ओवरटेकिंग से बचने की अपील की। दूरदराज के लेह, स्पिति, चंद्रताल और काजा जैसे क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या को देखते हुए दारचा, कोकसर और ग्रामफू चेक पोस्ट पर पर्यटकों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। आपात स्थिति से बचाव के लिए पर्यटकों को आवश्यक दवाइयां और ऑक्सीजन सिलेंडर साथ रखने की सलाह दी गई है। नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए डीएसपी ने बताया कि इस वर्ष एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने लोगों से नशे के कारोबार या सेवन की सूचना पुलिस को देने की अपील की। मटर, गोभी और सेब सीजन में बाहरी राज्यों से आने वाले मजदूरों व व्यापारियों का पुलिस थानों में पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

चंबा का पक्काटाला मार्ग खस्ताहाल

चंबा जिला युवा कांग्रेस ने प्रशासन से मार्ग के पुनर्निर्माण की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला मुख्यालय चंबा के महत्वपूर्ण पक्काटाला मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय निवासी एवं युवा कांग्रेस चंबा के अध्यक्ष अधिवक्ता शाकिर अली शाह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मार्ग का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग को बंद करना जरूरी था, लेकिन मार्ग बंद करने के बाद उसके पुनर्निर्माण की दिशा में अब तक ठोस कदम न उठाया जाना गंभीर चिंता का विषय है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

शाकिर अली शाह ने कहा कि चौगान वार्ड के मोहल्ला कश्मीरी के स्थानीय निवासी होने के नाते उन्होंने मौके पर पहुंचकर पक्काटाला मार्ग की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की हालत बेहद खराब पाई गई। जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त है, जबकि मलबा और बड़े पत्थर पड़े होने के कारण लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पक्काटाला मार्ग जिला मुख्यालय के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तक पहुंचने वाला सबसे नजदीकी और महत्वपूर्ण मार्ग है। ऐसे में लंबे समय से इसके बंद रहने का सीधा असर स्थानीय निवासियों के साथ मरीजों, तीमारदारों, विद्यार्थियों और अन्य लोगों की आवाजाही पर पड़ रहा है। मार्ग बंद होने से क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण भी उतनी ही प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। लंबे समय तक निर्माण कार्य शुरू न होने से स्थानीय लोगों में रोष बढ़ रहा है। लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और परेशानी दोनों बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने यदि सुरक्षा कारणों से मार्ग को बंद किया है तो यह उचित निर्णय है, लेकिन इसके बाद

औपचारिकताएं पूरी कर युद्धस्तर पर शुरू हो पुनर्निर्माण : शाकिर

शाकिर अली शाह ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करवाकर पक्काटाला मार्ग की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मार्ग को जल्द बहाल करने से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तक पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी।

26 साल बाद मलाल स्कूल में खिलाड़ी नहीं, मुख्यातिथि बनकर लौटे अमित शर्मा

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलाल में आयोजित अंडर-14 छात्रा वर्ग की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और भावुकता के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डलहौजी के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अमित शर्मा ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल सिर्फ जीत और हार का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में लगातार नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। अमित शर्मा ने विद्यालय से जुड़ी अपनी पुरानी यादें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि करीब 26 वर्ष पहले वे इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय और जिस मैदान में कभी वे विद्यार्थी एवं खिलाड़ी के रूप में खड़े होते थे, आज उसी स्थान पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना उनके लिए गौरव और भावुकता का क्षण है।

सलूणी में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स का फूटा गुस्सा

लंबित भुगतान को लेकर सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

सुनील पहाड़ी, सलूणी। हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड पेंशनर्स इकाई सलूणी की बैठक शुक्रवार को प्रधान मान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स संगठन के मुख्य संगठन सचिव एवं जिला चंबा के महासचिव रावत ने भी भाग लिया। इस दौरान पेंशनर्स की लंबित मांगों और भुगतान संबंधी समस्याओं को लेकर सरकार तथा बोर्ड प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई गई। रावत ने कहा कि पेंशनर्स की मांगों को कई बार मुख्यमंत्री और विद्युत बोर्ड प्रबंधन के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स को 15 प्रतिशत डीए के लंबित भुगतान का इंतजार है। इसके अलावा कई पेंशनर्स को ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट की राशि भी नहीं मिल पाई है।

उन्होंने कहा कि कई पेंशनर्स अपने लंबित भुगतान की प्रतीक्षा करते-करते दुनिया से विदा हो गए, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पेंशनर्स के एरियर और अन्य लंबित देय राशि का जल्द भुगतान किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों का समय रहते समाधान नहीं हुआ तो संगठन को संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में स्मार्ट मीटरिंग के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। रावत ने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिस पर संगठन ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सहमति और अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की और कहा कि समाधान न होने पर स्मार्ट मीटरिंग के विरोध में भी आंदोलन किया जा सकता है। बैठक के अंत में पेंशनर्स ने सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन से 15 प्रतिशत डीए, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट सहित सभी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

बरसात में डायरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

अनंत ज्ञान, चंबा। बरसात के मौसम में डायरिया और पेट से जुड़ी बीमारियों के मामले बढ़ने की संभावना को देखते हुए जिला चंबा में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। जिला चंबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के दौरान दूषित पानी और खान-पान के कारण डायरिया के मामले सामने आ सकते हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पीने के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का ही इस्तेमाल करें और भोजन करने से पहले तथा शौचालय के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से भी बचें। सीएमओ ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार दस्त, उल्टी, कमजोरी या शरीर में पानी की कमी जैसे लक्षण दिखाई दें तो लापरवाही न बरतें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय जांच करवाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को डायरिया से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

डलहौजी में हर्षोल्लास से मनाई जन्माष्टमी

सदर बाजार के लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकाली भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

अनंत ज्ञान

अजीत सिंह, डलहौजी। पर्यटन नगरी डलहौजी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के तहत लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार से भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भव्य शोभायात्रा नगर कीर्तन के रूप में निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ठाकुर जी की सुसज्जित पालकी के दर्शन करने के लिए नगरवासी और श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा के दौरान गांधी चौक और सुभाष चौक में रामा नाटक क्लब के नन्हे कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा का वेश धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कृष्ण-सुदामा की मित्रता तथा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियों को लोगों ने खूब सराहा। इस दौरान बच्चों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांधी चौक और सुभाष चौक में भगवान श्रीकृष्ण और हनुमान की झांकियां भी निकाली गईं। बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण लीला पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और जयकारों से दोनों चौक गूंज उठे। जन्माष्टमी के अवसर पर डलहौजी के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन का दौर जारी रहा। धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष 8 को खिड़ीधार छिंज मेले में होंगे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान, चंबा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 5 से 8 सितंबर तक जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 5 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे उप मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 6 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुलेल में बालिका अंडर-19 जोनल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 7 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे विकासखंड भटियात के अंतर्गत पंचायतों के प्रधान, उप प्रधान और बीडीसी सदस्यों के साथ समिति भवन में बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में 8 सितंबर को दोपहर 3 बजे खीरडीधार में छिंज मेला समिति बगढ़ार द्वारा आयोजित होने वाले छिंज मेले में मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे।

दरकोटी स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे

अनंत ज्ञान

चंबा। राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसएमसी अध्यक्ष आशा कुमारी की विशेष उपस्थिति में विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में 50 से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान अर्जुन, जामुन, देवदार, अनार, रीठा, बुरांश, अमरूद और कचनार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना रहा।

विद्यालय प्रभारी सुनील जरियाल ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति प्रेम, मातृशक्ति के सम्मान और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण तैयार करने का संदेश देता है। उन्होंने

◆ विद्यार्थियों, अभिभावकों व वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पेड़ स्वच्छ हवा, छाया और फल प्रदान करने के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने तथा जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में वार्ड पंच हितेश कुमारी सहित शीला कुमारी, शशिकला, दिनेश कुमार, कुंता देवी, चरणदास, अमित कुमार, नवीन कुमार तथा विद्यालय को भूमि दान करने वाले दौलत राम सहित अन्य अभिभावकों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों पंकज, अरविंद, वर्षा, शानवी, वंशिका, भारती, दिया, नक्श, रुद्रांश, मोनिका, मनीष और परवीन ने भी उत्साहपूर्वक पौधे रोपे और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

न्यूज ब्रीफ

गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

अनंत ज्ञान, सोलन। गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से गोकुलधाम का स्वरूप दिया गया, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय नजर आया। नन्हे विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण और राधा का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनकी सुंदर वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मटकी फोड़ गतिविधि का आयोजन भी किया गया। सुंदर झांकियों, रंग-बिरंगी सजावट और कृष्ण से जुड़ी प्रस्तुतियों ने समारोह की भव्यता बढ़ाई।

अमरपुर में पाइप लाइनों का जंजाल बना परेशानी

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन के वार्ड नंबर पांच अमरपुर मोहल्ला, फाउंड्री तालाब और फायर स्टेशन के समीप लंबे समय से रास्तों व गलियों में बिछी पानी की पाइप लाइनों के अव्यवस्थित जाल की समस्या को लेकर समीना खान ने स्थानीय लोगों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष उपमा धीमान और आईपीएच विभाग के एसडीओ रोशन लाल के समक्ष मामला उठाया। समीना खान ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में बिछी पाइप लाइनों के कारण लोगों को आवाजाही सहित कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखते हुए स्थायी समाधान की मांग की। आईपीएच विभाग के एसडीओ रोशन लाल ने आश्वासन दिया कि वार्ड नंबर पांच में अनावश्यक और अव्यवस्थित पाइप लाइनों का निरीक्षण करवाया जाएगा। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का जल्द समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे।

नाहन बॉयज स्कूल ने जीता सर्वश्रेष्ठ विद्यालय खिताब

अनंत ज्ञान, नाहन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र नाहन ने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल राउंड बेस्ट स्कूल का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनकला में किया गया। प्रतियोगिता में नाहन स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वॉलीबाल, कबड्डी और शतरंज में टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय को ऑल राउंड बेस्ट घोषित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या कुसुम लता कौशल और स्टाफ ने शारीरिक शिक्षक अजय शर्मा, गीता शर्मा, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा विवेक पाल सहित सभी विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

अजय तोमर बने रोटरी कम्युनिटी कोर नाहन के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, नाहन। रोटरी कम्युनिटी कोर नाहन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अजय तोमर को सौंपी गई। उन्होंने कहा कि वह रोटरी के साथ मिलकर समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। भविष्य गौतम ने कहा कि रोटेरियन समाजसेवा में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सदस्यों को रोटरी फाउंडेशन की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी भी दी। क्लब प्रधान प्रगति सबलोक ने अजय तोमर को आरसीसी का चार्टर भेंट किया। इस अवसर पर क्लब सचिव विकास रतन, पूर्व प्रधान अमित अत्री, कुलदीप सिंह, डॉ. सुरेश कुमार सबलोक और जोनल लर्निंग फैसिलिटेटर राकेश थापा मौजूद रहे।

सुभाष शर्मा बने संस्कृत महाविद्यालय पीटीए अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, नाहन। गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में शिक्षक-अभिभावक संघ की आम सभा प्राचार्य डॉ. नरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सुभाष शर्मा को अध्यक्ष, सुनीता देवी को उपाध्यक्ष और डॉ. सोमदत्त शर्मा को सचिव चुना गया। अश्वनी शर्मा सह-सचिव, शशिपाल कोषाध्यक्ष, वकील रमौल मीडिया सलाहकार और देवराज संरक्षक बनाए गए। बैठक में महाविद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। शैक्षणिक सत्र 2027-28 से पीटीए निधि को बढ़ाकर एक हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया। भवन की छत की मरम्मत, छात्रावास निर्माण में तेजी और सफाई कर्मी का पारिश्रमिक बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए।

जन्माष्टमी पर सैनवाला मंदिर में विराजे राधा-कृष्ण

अनंत ज्ञान, नाहन। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आमवाला-सैनवाला पंचायत के सैनवाला स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में श्री राधारानी और बांके बिहारी जी की मूर्तियों की विधिवत स्थापना की गई। स्थापना से पहले दो दिन धार्मिक अनुष्ठान हुए। जन्माष्टमी पर प्रभातफेरी निकाली गई और षोडशोपचार पूजन के बाद यज्ञ हुआ। समापन पर विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में धर्म चंद बिंदल, संदीप तोमर, काकू राम और राकेश तोमर सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

सोलन में 8 सितंबर से होगा वन स्टॉप सेंटर कर्मियों का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन में 8 सितंबर को वन स्टॉप सेंटर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से कल्याण भवन में कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें शिमला, सोलन, बिलासपुर, किन्नौर, सिरमौर और ऊना जिलों के वन स्टॉप सेंटर कर्मचारी भाग लेंगे।

नगर निगम सोलन में जल संकट से निपटने के लिए भूजल स्रोतों का हुआ सर्वेक्षण

भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पेयजल व्यवस्था मजबूत करने की कवायद शुरू

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 15 को आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में पार्षद अभिषेक ठाकुर ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। क्षेत्र में भविष्य में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए संभावित बोरिंग स्थलों और भूजल उपलब्धता का प्रारंभिक सर्वे किया गया। शहर में बढ़ती पेयजल किल्लत को देखते हुए इस पहल को भविष्य की जल जरूरतों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भूगर्भ वैज्ञानिक से चर्चा करते पार्षद अभिषेक ठाकुर।

इसी कड़ी में पार्षद अभिषेक ठाकुर ने भूगर्भ वैज्ञानिक दिवेश और जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता विकास के साथ वार्ड नंबर 15 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान संभावित बोरिंग स्थलों, भूजल स्तर और भविष्य में पानी की उपलब्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और भूजल से संबंधित तकनीकी जानकारी भी साझा की।

दौरे का मुख्य उद्देश्य वार्ड में लगातार बढ़ रही पेयजल आवश्यकता को देखते हुए समय रहते वैकल्पिक जल स्रोतों की संभावनाएं तलाशना रहा। संभावित स्थानों का प्रारंभिक निरीक्षण कर यह जानने का प्रयास किया गया कि किन क्षेत्रों में बोरिंग की संभावना बेहतर हो सकती है। इसके आधार पर भविष्य के लिए प्रभावी जल प्रबंधन योजना तैयार करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान वार्ड के कई स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। स्थानीय लोगों ने कहा कि गर्मियों और पानी की कमी के समय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर परेशानी बढ़ जाती है। उन्होंने भविष्य में पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय रहते ठोस कदम उठाने की मांग की।

पार्षद अभिषेक ठाकुर ने कहा कि वार्ड नंबर 15 को आदर्श वार्ड बनाने के लिए मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। पेयजल प्रत्येक परिवार की जरूरी आवश्यकता है और इसके लिए केवल वर्तमान समस्या का समाधान करना पर्याप्त नहीं है।

ओम आर्या के नेतृत्व में कसौली मंडल ने हासिल की उपलब्धि

क्रीड़ा भारती के सदस्यता अभियान में सोलन जिला प्रदेश में अव्वल

◆ **खेलों के जरिए चरित्र निर्माण का संदेश, सोलन में अभियान को बड़ी सफलता**

अनंत ज्ञान

सोलन। क्रीड़ा भारती के सदस्यता अभियान में सोलन जिला ने 1200 से अधिक विद्यार्थियों को सदस्य बनाकर हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि में क्रीड़ा भारती कसौली मंडल के अध्यक्ष ओम आर्या के नेतृत्व में चलाए जा रहे सदस्यता एवं जनजागरूकता अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओम आर्या के नेतृत्व में कसौली मंडल की टीम विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को खेलों के महत्व, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका के बारे में जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

ओम आर्या ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य केवल बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना नहीं है, बल्कि खेलों के माध्यम से चरित्र निर्माण और चरित्र के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, संस्कार, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

अतिरिक्त जिलाधीश सोलन ने परवाणू मे बारिश से हुऐ नुकसान का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

परवाणू। वीरवार को अतिरिक्त जिलाधीश सोलन ने परवाणू क्षेत्र और साथ लगती पंचायतों का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से नुकसान तथा राहत कार्यों की जानकारी ली। उनके साथ एसडीएम कसौली कैप्टन महेंद्र प्रताप, नायब तहसीलदार शकुंतला पटियाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं, शिमला सांसद सुरेश कश्यप ने भी परवाणू पहुंचकर बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित लोगों और स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली तथा नुकसान का जायजा लिया। सांसद ने राहत कार्यों के लिए नगर परिषद परवाणू को 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा आसपास की पांच पंचायतों को दो-दो लाख रुपये की राहत राशि देने का ऐलान किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं तथा राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

अर्की में बच्चों की सुनने की क्षमता जांचने पर जोर

अनंत ज्ञान, अर्की। डीफ अवेयरनेस वीक के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अर्की में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को श्रवण बाधित बच्चों की समय पर पहचान, रोकथाम, उपचार और पुनर्वास की जानकारी दी गई। सिविल अस्पताल अर्की के काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने बताया कि सुनने की क्षमता में कमी किसी भी उम्र में हो सकती है। बच्चों में यह समस्या भाषा, बोलने की क्षमता, शिक्षा और सामाजिक विकास को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि आवाज देने पर बच्चे की प्रतिक्रिया न देना, तेज आवाज पर ध्यान न देना या बोलने में देरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कान के संक्रमण, तेज आवाज, चोट और अन्य कारणों से होने वाली श्रवण समस्या से बचाव के उपाय भी बताए। बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता देवी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और बच्चों में स्वास्थ्य समस्याओं की शुरुआती पहचान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

किसान सम्मेलन में पशुपालन को लाभकारी बनाने पर हुआ मंथन

दूध की गुणवत्ता से किसानों की बढ़ेगी कमाई

अनंत ज्ञान

नाहन। जिला सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में भाटिया डेयरी की ओर से किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सीमावर्ती क्षेत्र के करीब 200 किसानों और पशुपालकों ने भाग लिया। सम्मेलन में दूध उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के साथ पशुओं के स्वास्थ्य, संतुलित आहार तथा डेयरी कारोबार को व्यवस्थित करने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य।

पशुपालन विभाग के अधिकारी रणवीर सिंह सैनी ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों के लक्षण, उपचार और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लंपी रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि लक्षण दिखाई देने पर घबराने के बजाय तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने अफवाहों से बचने और विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अधिक दूध उत्पादन के लिए पशुओं को केवल अधिक चारा देना पर्याप्त नहीं है। पशु की उम्र, नस्ल, स्वास्थ्य और दूध उत्पादन के अनुसार संतुलित आहार देना जरूरी है। सम्मेलन में दूध निकालते समय स्वच्छता और दूध के उचित भंडारण पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दूध से किसानों को बेहतर बाजार और अधिक आय मिल सकती है।

किसानों को डेयरी फार्म शुरू करने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभाग से जानकारी प्राप्त करने को कहा गया।

हिमाचल में फार्मा नवाचार को नई रफ्तार

अनुराग ठाकुर के एनआईपीईआर संस्थान प्रस्ताव को मिला केंद्रीय स्तर पर सकारात्मक आश्वासन

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश को देश के प्रमुख फार्मास्युटिकल हब के रूप में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) स्थापित करने अथवा एनआईपीईआर मोहाली का एक्सटेंशन सेंटर खोलने के प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाया है।

केंद्र सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित बायोफार्मा स्ग्र्य ढ्ढ पहल के तहत इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार की उच्चस्तरीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधा स्थापित होने से उद्योग और अकादमिक जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा उन्नत अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को नई गति मिलेगी। हिमाचल प्रदेश पहले से ही एक मजबूत फार्मास्युटिकल औद्योगिक आधार रखता है। राज्य में वर्तमान में 650 से अधिक फॉर्मूलेशन इकाइयां कार्यरत हैं, जिनका वार्षिक कारोबार लगभग 40,000 करोड़ रुपए है। ऐसे में राज्य में समर्पित फार्मास्युटिकल शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना से उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच मजबूत तालमेल विकसित होगा। यह पहल ऊना में स्थापित किए जा रहे बल्क ड्रग पार्क की संभावनाओं को भी अधिकतम करने में सहायक होगी। भारत सरकार की बल्क ड्रग पार्क योजना के तहत विकसित हो रहा यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लगभग 15,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करने और करीब 20,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता रखता है। इससे देश की स्वास्थ्य एवं दवा आपूर्ति श्रृंखला में हिमाचल प्रदेश की भूमिका और अधिक मजबूत होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अनुराग को आश्वस्त किया है कि बायोफार्मा शक्ति मिशन के क्रियान्वयन की रूपरेखा को अंतिम रूप देते समय फार्मास्युटिकल विभाग संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श कर इस प्रस्ताव का समुचित परीक्षण करेगा। अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जगत प्रकाश नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में एनआईपीईआर की समर्पित सुविधा स्थापित होने से राज्य की फार्मास्युटिकल और बायोफार्मा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को विशेष प्रशिक्षण और उच्चस्तरीय कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में हिमाचल की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एनआईपीईआर जैसी संस्था की स्थापना स्थानीय नियामक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ देश के बायोफार्मास्युटिकल क्षेत्र में दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

हिंदी दिवस पर सिडो की पत्र लेखन प्रतियोगिता में मिलेंगे नकद पुरस्कार

अनंत ज्ञान

सोलन। एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (सिडो) की बैठक संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के अनुसार प्रतियोगिता में सोलन सहित हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से विद्यार्थी और आम नागरिक भाग ले सकेंगे।

◆ **प्रतियोगिता में विद्यार्थी और नागरिक लिख सकेंगे पसंदीदा विषय पर पत्र**

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विषय चयन की पूरी स्वतंत्रता होगी। वे अपनी पसंद के किसी भी विषय पर माता-पिता, भाई-बहन, मित्र, अधिकारी, प्रधानाचार्य, मुख्यमंत्री या किसी अन्य प्रमुख व्यक्ति को संबोधित करते हुए पत्र लिख सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पत्र केवल हिंदी भाषा में लिखा होना अनिवार्य है।

संस्था ने स्पष्ट किया है कि प्रतिभागियों को अपने पत्र डाक के माध्यम से निर्धारित पते पर भेजने होंगे। पत्र लेखन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग मान्य नहीं होगा। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रेफरी श्रीमती गीतांजलि कश्यप करेंगी।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2000 रुपये और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को 1000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

सोलन मालरोड पर युवक के सिर पर बेलचे से हमला पर दो आरोपित गिरफ्तार

युवक पीजीआई रेफर, फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन शहर के मालरोड पर बीती देर रात एक युवक पर बेलचे से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक की पहचान पंकज के रूप में बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार पंकज मालरोड स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता है। बीती देर रात कुछ युवकों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान उसके सिर पर बेलचे से प्रहार कर दिया गया। हमले में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। फिलहाल युवक का उपचार पीजीआई में चल रहा है।

मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं, घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस अब हमले के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस गिरफ्तार किए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा घटना में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक और आरोपितों के बीच विवाद किस बात को लेकर हुआ था और हमला किन परिस्थितियों में किया गया।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

बधिरता को लेकर सोलन में जागरूकता शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय बधिर जागरूकता सप्ताह के तहत दुर्गा पब्लिक स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य उपस्थित लोगों को बधिरता एवं श्रवण संबंधी समस्याओं के कारण, बचाव, समय पर पहचान, उपचार तथा बधिर व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया अटवाल ने कहा कि सुनने की क्षमता में कमी किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। बच्चों में जन्मजात कारणों के अलावा कान में संक्रमण, चोट, तेज आवाज के लगातार संपर्क और कुछ दवाओं के दुष्प्रभाव से भी श्रवण क्षमता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बच्चों की समय पर श्रवण जांच और समस्या की शीघ्र पहचान को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. अटवाल ने कान में अनावश्यक वस्तुएं न डालने, कान के संक्रमण का समय पर उपचार करवाने और अत्यधिक तेज आवाज से बचने की सलाह दी।

आगामी चुनाव को लेकर नेताओं ने प्रदेश संगठन से लिया मार्गदर्शन

भाजपा ने 2027 चुनाव के लिए बूथ मजबूत करने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

सोलन। आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में भाजपा जिला सिरमौर के जिला महामंत्री रणबीर ठाकुर, भाजपा एसटी मोर्चा जिला शिमला के महामंत्री कमल शर्मा और भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने शिमला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय दीप कमल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन से शिष्टाचार भेंट की।

महामंत्री सिद्धार्थन से मुलाक़ात करते सिरमौर भाजपा नेता।

इस दौरान तीनों नेताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रदेश नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में विशेष रूप से बूथ सबसे मजबूत अभियान पर जोर दिया गया।

पार्टी नेताओं ने कहा कि किसी भी चुनाव में बूथ स्तर का संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र के बूथ पर सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना होगा। कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से लोगों के संपर्क में रहने और उनकी समस्याओं को समझने का भी आह्वान किया गया।

बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी का संगठन प्रदेश में बूथ स्तर तक मजबूत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया जाएगा।

रणबीर ठाकुर, कमल शर्मा और प्रताप सिंह रावत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटेंगे।

सोलन में 7 सितंबर को होगी महिला आयोग की सुनवाई

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से 7 सितंबर, 2026 को सोलन स्थित उपायुक्त कोर्ट में मामलों की सुनवाई की जाएगी। आयोग के सदस्य सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष और सदस्य मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग विभिन्न शिकायतों और मामलों की सुनवाई करेगा। इस दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना जाएगा और मामलों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को कोई भी इच्छुक शिकायतकर्ता अपने मामले की सुनवाई के लिए उपायुक्त कोर्ट में उपस्थित हो सकता है। आयोग ने इच्छुक शिकायतकर्ताओं से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपनी शिकायत अथवा समस्या आयोग के समक्ष रखने का आग्रह किया है। सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष और सदस्य शिकायतकर्ताओं की बात सुनेंगे तथा नियमानुसार मामलों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

अनिल शर्मा
जिला ब्यूरो प्रभारी मंडी
9418980288, 8263880288

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

भगत सिंह गुलेरिया
वरिष्ठ संवाददाता मंडी
9418037815

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

नूतन प्रकाश ठाकुर
वरिष्ठ संवाददाता, बालीचौकी
9817345707

शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

Anita Devi
Government Senior Secondary School Paunta TGT Arts

❖ शिक्षक हमारे जीवन की राह दिखाते हैं। ❖ ज्ञान की रोशनी से अंधकार मिटाते हैं। ❖ हमें हर मुश्किल से लड़ना सिखाते हैं। ❖ हमारे सपनों को नई उड़ान देते हैं। ❖ शिक्षक ही सफलता की नींव बनाते हैं। ❖ वे हमें अच्छे संस्कार और मूल्य सिखाते हैं। ❖ गुरु का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। ❖ शिक्षक हमारे सच्चे मार्गदर्शक हैं।

शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेश ठाकुर
(प्रदेशाध्यक्ष)
टेट प्रभावित शिक्षक मोर्चा हिमाचल प्रदेश

शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

राजेश भारती
प्रवक्ता इतिहास
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौड़ाकोठी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

पवन कुमार
(मुख्य अध्यापक)
राउमा विद्यालय कल्हणी, गांव व डा नागचला, जि मंडी

शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

पूजा ठाकुर
(भाषा शिक्षक)
राउमा विद्यालय सिहली सुंदर नगर/गांव सरौन सरकाघाट जि मंडी

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गुरु का आशीर्वाद
सफलता की पहली सीढ़ी।

जो ज्ञान का दीप जलाते हैं
वही सच्चे शिक्षक कहलाते हैं।

शिक्षक हैं भविष्य के निर्माता
उनका सम्मान है सबसे प्यारा।

गुरु बिना ज्ञान अधूरा
गुरु से जीवन पूरा।

ज्ञान बाँटते हैं जो हर पल
शिक्षक हैं सबसे अनमोल।

गंगा सिंह राणा, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, मैहर, मध्य प्रदेश

डॉ. आर आर ठाकुर
प्रवक्ता जियोग्राफी

शेष राम ठाकुर
पूर्व अध्यक्ष पीटीएफ, बालीचौकी

हुक्म चंद
सेवानिवृत्ति केंद्रीय मुख्य शिक्षक

भोला दत्त ठाकुर
प्रवक्ता

लेद राम ठाकुर
जेबीटी

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाली चौकी (सी बी एस ई)

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रणवीर सिंह ठाकुर
प्रधानाचार्य

कौर सिंह ठाकुर
अध्यक्ष एस एम सी

मनोज कुमार महंत
उपाध्यक्ष एस एम सी

गोपाल चंद ठाकुर
प्रवक्ता

तुलेराम सोनी
प्रवक्ता

नीके राम ठाकुर
टीजीटी, आर्ट्स

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माणी

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण महाजन
प्रधानाचार्य
रा. व. मा. पाठशाला माणी

नरेंद्र ठाकुर
प्रवक्ता इतिहास

लीला ठाकुर
प्रवक्ता राजनीति शास्त्र

नीलम कुमारी
प्रवक्ता अंग्रेजी
रा. व. मा. पाठशाला माणी

चम्पा ठाकुर
प्रवक्ता हिन्दी

तारा ठाकुर
टीजीटी आर्ट्स

मधु बाला
टीजीटी हिन्दी

करिश्मा ठाकुर
टीजीटी मेडिकल

करण शर्मा
वीटी (टेलीकॉम)
रा. व. मा. पाठशाला माणी

नारायण राठौर
टीजीटी आर्ट्स

अनिल कुमार
टीजीटी (नॉन मैडीकल)

वीर सिंह भारद्वाज
अध्यक्ष एस एम सी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ सराज-II बाली चौकी

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

दुनी चंद
अध्यक्ष पीटीएफ सराज-2

चंदेल कुमार
महासचिव पीटीएफ सराज-2

हेम सिंह चौहान
वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटीएफ सराज-2

वीना चौहान, अध्यक्ष
महिला प्रकोष्ठ पीटीएफ सराज-2

चैन सिंह, मुख्य सलाहकार
पीटीएफ सराज-2

गोपाल सिंह
कोषाध्यक्ष पीटीएफ सराज-2

लेद राम सूर्यवंशी
मीडिया प्रभारी पीटीएफ

नूप राम
प्रवक्ता पीटीएफ सराज-2

रूप चंद
जेबीटी

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

अनंत ज्ञान, अंब। नगर पंचायत अंब के आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में शुक्रवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों और महिलाओं के साथ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी द्वारा केक काटकर किया गया। इसके बाद बच्चों और गांव की महिलाओं ने मिलकर 'राधा ढूंढ रही, किसी ने मेरा श्याम देखा' भजन पर मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पूरे माहौल को कृष्णमय बना दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी ने कहा कि हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए कुछ अलग गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, ताकि बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन में अनेक लीलाओं और प्रसंगों के माध्यम से सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों और महिलाओं से आह्वान किया कि सभी भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलते हुए सत्य और सदाचार को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने 'जय श्री कृष्ण, राधे-राधे' के जयकारे लगाए।

दिलवां में टकराईं कारें, एक की मौत

ऊना-धर्मशाला एनएच पर भीषण सड़क हादसे में तीन घायल

अनंत ज्ञान

अंब। ऊना-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह बढ़ही बाजार के समीप दिलवां में दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 68 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद निवासी नकड़ोह की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि दोनों कारों के एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। दुर्घटना की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आल्टो कार में सवार चार लोग ऊना की ओर जा रहे थे। वहीं, दूसरी ओर हरियाणा नंबर की ब्रेजा कार में सवार लोग पहेवा, हरियाणा से मां बगलामुखी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दिलवां के समीप ब्रेजा कार चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही आल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ब्रेजा कार, जो अंब की दिशा में जा रही थी, घूमकर ऊना की दिशा में हो गई। दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में आल्टो सवार चारों लोग घायल हुए। उपचार के दौरान 68 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद ने दम तोड़ दिया।

घायलों की पहचान गौरव जसवाल, अन्वी जसवाल और आरव जसवाल के रूप में हुई है। तीनों नकड़ोह निवासी हैं और एक ही परिवार से संबंध रखते हैं। बताया गया कि गौरव जसवाल अपने पिता राजेंद्र प्रसाद को दवाई दिलाने के लिए ऊना जा रहे थे। अन्वी और आरव उनके पोते-पोती हैं। हरियाणा नंबर की ब्रेजा में सवार दो लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद एनएच पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारु करवाया।

डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने ब्रेजा चालक युवराज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

घनारी में अंडर-19 खेलों में 26 स्कूलों के खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

अनंत ज्ञान

घनारी। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनारी में 67वीं तीन दिवसीय अंडर-19 (छात्र) खंड खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का गुरुवार को रंगारंग आगाज हुआ। हिमाचल प्रदेश राज्य महिला एवं बाल कल्याण बोर्ड की सदस्य रेणु कालिया ने बतौर मुख्यातिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ललित मोहन ने की।

प्रतियोगिता में 26 स्कूलों के 403 खिलाड़ी खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबाल सहित विभिन्न खेलों में दमखम दिखा रहे हैं। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों ने मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर समां बांधा। मुख्यातिथि ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। प्रधानाचार्य ललित मोहन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

रेणु कालिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित मंच मिलने से वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता समन्वयक दीपक शारदा, डीपीई संजीव कुमार सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

चंडीगढ़ में शिक्षकों ने किया शक्ति प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स, यूटी चंडीगढ़ के आह्वान पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को सेक्टर-17 परेड ग्राउंड में विशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लंबित मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी आवाज अब गवर्नर हाउस तक पहुंच चुकी है और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) चंडीगढ़ के पदाधिकारियों का भी समर्थन मिला। संगठन मंत्री निरंजन कुमार ने शिक्षकों और कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए गेस्ट एवं कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों-कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को अस्थिर रखना न्यायसंगत नहीं है। नियमित शिक्षकों की छुट्टियों से जुड़े विवाद का भी जल्द समाधान करने की मांग की गई।

प्रदर्शन को चंडीगढ़ यूटी एसएस फेडरेशन, यूटी कैडर एजुकेशनल एम्प्लॉइज यूनियन, गवर्नमेंट टीचर यूनियन और चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल टीचर्स एसोसिएशन का समर्थन मिला। कमेटी ने हाफ पे लीव बहाल करने, यूटी कैडर शिक्षकों के भर्ती नियमों को अंतिम रूप देने, पदोन्नति के अवसर बढ़ाने, चिकित्सा और सीजीएचएस सुविधाओं में सुधार तथा डेपुटेशन के बजाय यूटी कैडर शिक्षकों को पदोन्नति देने की मांग की।

इसके अलावा वाइस प्रिंसिपल के पद स्वीकृत करने, प्रधानाचार्यों की ग्रेड-पे विसंगति दूर करने, 2015 बैच के लंबित लाभ जारी करने और गेस्ट, कॉन्ट्रैक्ट व एसएसए शिक्षकों के बकाया डीए का भुगतान करने की मांग उठाई गई। शिक्षकों ने गेस्ट, कॉन्ट्रैक्ट और एसएसए शिक्षकों के नियमितीकरण, वोकेशनल शिक्षकों व काउंसलर्स को नौकरी की सुरक्षा, 12 माह का वेतन, मातृत्व लाभ और वार्षिक वेतन वृद्धि देने की भी मांग की।

कांग्रेस की पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष में बहस

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विश्राम गृह में जिला कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता की पत्रकार वार्ता के दौरान उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के बीच एक बात को लेकर बहस हो गई। जानकारी के अनुसार पत्रकार वार्ता के दौरान मनीष गुप्ता नगर परिषद चुनाव का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया। उनकी इस बात पर साथ बैठे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए किसने कहा था? पार्टी टिकट के लिए आवेदन करते तो पार्टी टिकट देती, लेकिन आपने टिकट के लिए आवेदन ही नहीं किया। इसी बात को लेकर दोनों नेताओं के बीच बहस शुरू हो गई। नाराज राजेंद्र वर्मा ने कहा कि अगर ऐसी बातें करनी हैं तो वह उठकर चले जाएंगे। इससे कुछ देर के लिए पत्रकार वार्ता में असहज माहौल बन गया। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया।

लाठियाणी-कोहडरा सड़क पर गुणवत्ता से समझौता नहीं : विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की लाठियाणी-कोहडरा सड़क के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य का विधायक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे विधायक ने सड़क की मौजूदा स्थिति और प्रस्तावित निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विवेक शर्मा ने कहा कि सड़क के लिए सरकार की ओर से 3 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी हो चुकी है। जरूरी टेस्टिंग और औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण सामग्री, मजबूती, चौड़ाई और तकनीकी मानकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में स्थानीय लोगों को विश्वास में लिया जाए और उनकी समस्याओं व सुझावों का ध्यान रखा जाए। बेहतर सड़क सुविधा से क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिलने के साथ शाहतलाई और बिलासपुर पहुंचना भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि सड़क के बेहतर होने से कुटलैहड़ में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकता है। इस दौरान एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ केएल वर्मा, एक्सईएन डीसी ठाकुर, एसडीओ सुरेश कुमार शर्मा आदि स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

गरीब परिवारों को बीपीएल सूची में जोड़ना हमारा संकल्प

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पात्र गरीब परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल करने के उद्देश्य से विधायक विवेक शर्मा ने लाठियाणी जिला परिषद वार्ड की 17 पंचायतों का दौरा किया। ढयूंगली से करमाली तक पहुंचे विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों और बीपीएल परिवारों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने कहा कि बीपीएल सूची में केवल वास्तविक रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और पात्र परिवार ही शामिल होने चाहिए। किसी पात्र परिवार को प्रक्रिया या जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीपीएल चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और शिकायतों व आपत्तियों की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों से संवाद का उद्देश्य जमीनी स्थिति को समझना और वास्तविक जरूरतमंद परिवारों की पहचान करना है। यदि कोई अपात्र परिवार सूची में शामिल है तो उसकी भी जांच होनी चाहिए। विवेक शर्मा ने ग्रामीणों से अपनी आर्थिक स्थिति से संबंधित सही जानकारी और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक सुरक्षा दिलाना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ केएल वर्मा, एक्सईएन डीसी ठाकुर, एसडीओ सुरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई, चार गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ **दो अलग-अलग मामलों में 19.54 ग्राम चिट्टा और एक लाख नकद बरामद**

ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 19.54 ग्राम चिट्टा/हेरोइन और एक लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पहले मामले में 2 सितंबर को पुलिस थाना सदर बिलासपुर की टीम ने ढलियार फोरलेन पर एक संदिग्ध आल्टो 800 कार नंबर एच पी -24 बी -6318 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 11.38 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ। मौके पर कार में सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान दीपक कुमार पुत्र रूप लाल, निवासी दयोली, जिला बिलासपुर, उम्र 29 वर्ष तथा अतुल ठाकुर पुत्र सुभाष ठाकुर, निवासी जुखाला, जिला बिलासपुर, उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है।

वहीं, दूसरे मामले में बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने 3 सितंबर को पट्टा फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों से 8.16 ग्राम चिट्टा/हेरोइन तथा एक लाख रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनिल चंद पुत्र चेत राम, निवासी गाँव सरोट, डाकघर बठाड़, तहसील बंजार, जिला कुल्लु, उम्र 22 वर्ष तथा अनमोल पुत्र सुनिल दत्त, निवासी गांव नैहला, डाकघर औलिण्डा, तहसील श्री नैना देवी जी, जिला बिलासपुर, उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की छानबीन जारी है। पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में भी जांच की जा रही है।

बिलासपुर भाजपा की जिला मासिक बैठक कल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर की जिला मासिक बैठक एवं जिला कार्यशाला 6 सितंबर को दोपहर 2 बजे बरमाणा में आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष हिमाचल प्रदेश जयराम ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिला प्रभारी रश्मि सूद और जिला सह प्रभारी देश राज शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने, 'सेवा संकल्प अभियान' को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में विधायक रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, त्रिलोक जमवाल, प्रत्याशी राजिंदर गर्ग, जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सोशल मीडिया और आईटी के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

घुमारवीं में 30 करोड़ से बनेगा इंडोर स्टेडियम : राजेश धर्माणी

कारलोटी में साढ़े तीन करोड़ रुपए से विकसित होगा खेल मैदान

अनंत ज्ञान

◆ **गांव में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए विकसित होंगी आधुनिक सुविधाएं**

ब्यूरो, बिलासपुर। नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना को मजबूत कर युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राजेश धर्माणी शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठलग में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-19 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं में करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल की सुविधा भी होगी। वहीं, कारलोटी में साढ़े तीन करोड़ रुपये से खेल मैदान विकसित किया जाएगा। इन सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 14 विद्यालयों के 177 खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और वॉलीबॉल में भाग लिया। कबड्डी में दधोल, वॉलीबॉल में कठलग, खो-खो में हटवाड़ तथा बैडमिंटन में डुमैहर विद्यालय विजेता रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना सहित पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, खिलाड़ी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंडर-19 खेलें: कबड्डी-बैडमिंटन में झंझूता विजेता

अनंत ज्ञान, झंडूता। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो और वालीबॉल के मुकाबले हुए। कबड्डी व बैडमिंटन में झंडूता, खो-खो में डाहड तथा वालीबॉल में कलोल की टीम विजेता रही। विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी मेहनत कर जिला व राज्य स्तर पर आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

जन्माष्टमी पर खिलाड़ियों को दूध-फल वितरित

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल के राजकीय उच्च पाठशाला बरोहा में चल रही अंडर-17 खेलकूद प्रतियोगिता में जन्माष्टमी के अवसर पर सारथी सेवा समिति झंडूता ने खिलाड़ियों को दूध और ताजे फल वितरित किए। समिति के संस्थापक, अधिवक्ता एवं समाजसेवी सरदार सर्वजीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए पौष्टिक आहार और पर्याप्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है। बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। खिलाड़ियों और आयोजकों ने समिति की इस पहल की सराहना की।

संजय बने जिला कांग्रेस महासचिव और बड़सर ब्लॉक प्रभारी

अनंत ज्ञान, गलोड़। हटेटा के पंचायत भालू गांव के निवासी संजय कुमार को जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में महासचिव और बड़सर ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त किया है। पिछले 16 वर्षों से हटेटा पंचायत में खिलाड़ियों संजय कुमार की गिनती एक ईमानदार और जमीनी नेता के रूप में होती है। सामाजिक और विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी से उनकी अलग पहचान बनी है। उनकी नियुक्ति से भालू गांव सहित पूरे गलोड़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने इसे जमीनी कार्यकर्ता की जीत बताया है। इस अवसर पर संजय कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और जिला कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे बड़सर में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर पार्टी के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री और खेल मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को मिल रहा बढ़ावा : तिलक राज

पूर्व विधायक ने लुहणू खेल परिसर में बच्चों को बांटी स्पोर्ट्स किट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और खेल मंत्री यादविंद्र सिंह गोमा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह बात सदर के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने लुहणू खेल परिसर में बच्चों को खेल सामग्री बांटने के दौरान कही। लुहणू खेल परिसर पहुंचने पर जिला खेल एवं युवा सेवा अधिकारी उत्तम डोड तथा विभागीय स्टाफ ने पूर्व विधायक तिलकराज शर्मा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत बच्चों को उपलब्ध करवाई गई खेल सामग्री का भी जायजा लिया गया। तिलक राज शर्मा ने खेलो इंडिया से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के माध्यम से जिला बिलासपुर में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिल रहा है। इसके तहत हर वर्ष 15 पुरुष और 15 महिला खिलाड़ियों को पंजीकृत कर उन्हें प्रशिक्षण एवं कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ी कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत से प्रदेश और जिले का नाम रोशन हो रहा है।

एनआईटी में आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2026 शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **390 स्टूडेंट्स 65 टीमों में दिखा रहे हुनर, शीर्ष 50 टीमें राष्ट्रीय हैकाथॉन के लिए होंगी चयनित**

ब्यूरो, हमीरपुर। एनआईटी हमीरपुर में 4 और 5 सितंबर को दो दिवसीय 'आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआइएच) 2026' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 390 छात्र-छात्राएं 65 बहुविषयक टीमों के रूप में देश की प्रमुख चुनौतियों के तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रतिभागियों ने 17 आधिकारिक थीमों पर कुल 65 प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। इनमें 54 सॉफ्टवेयर आधारित समाधान और 11 हार्डवेयर प्रोटोटाइप शामिल हैं। प्रोजेक्ट सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक और तकनीकी समाधान पर केंद्रित हैं।

विशेषज्ञ निर्णायक मंडल टीमों के नवाचार, तकनीकी उपयोगिता, व्यवहार्यता और सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन कर रहा है। दो दिवसीय प्रस्तुतिकरण और समीक्षा के बाद शीर्ष 50 टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2026 के आगामी चरणों में एनआईटी हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. एचएम सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. पवन कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन डॉ. प्रदीप सिंह, एसपीओसी डॉ. अजय कुमार मलिक और फैकल्टी इंचार्ज टेक्निकल एक्टिविटिज डॉ. राकेश शर्मा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

'नेक्सस एलांते' का स्टाइल रश के साथ प्री-फेस्टिव सीजन पर फोकस

अनंत ज्ञान

राकेश मलकानिया, चंडीगढ़। सीजन के अंत को सेल और त्योहारों की खरीदारी की बढ़ती रफ्तार के बीच रिटेल के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण समय आता है, जिसका अभी तक पूरी तरह उपयोग नहीं किया गया है। सितंबर वह महीना है जब ऑटम-विंटर कलेक्शन बाजार में आते हैं, फैशन ट्रेंड्स में बदलाव शुरू होता है और उपभोक्ता अपने त्योहारों के वार्डरोब की योजना बनाना शुरू कर देते हैं। नेक्सस एलांते ने स्टाइल रश के माध्यम से इस अवधि को फैशन कैलेंडर के केंद्र में रखा है। किसी सेल या त्योहार आधारित प्रमोशन से अलग, स्टाइल रश का मुख्य उद्देश्य नई चीजों की खोज करना है। इस अभियान के तहत फैशन, फुटवियर, ब्यूटी और एक्सेसरीज से जुड़े नए उत्पादों, चुने हुए ट्रेंड्स और स्टाइल इंस्पिरेशन को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। इसका उद्देश्य त्योहारों की खरीदारी की रफ्तार बढ़ने से पहले उपभोक्ताओं को नए विकल्पों को तलाशने का अवसर देना है। नेक्सस एलांते में स्टाइल रश के तहत टॉमी हिलफिगर, फॉरएवर न्यू, मार्क्स एंड स्पेंसर, लाइफस्टाइल, लेविस, ओनली, वीरो मोडा, सेफोरा और कई अन्य ब्रांड्स के नए सीजन के कलेक्शन प्रदर्शित किए जाएंगे। शहर की फैशन पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह कार्यक्रम 1 सितंबर से शुरू हो चुका है। स्टाइलिंग सेशन, ब्यूटी एक्सपीरियंस, फैशन शोकेस, प्रोडक्ट कस्टमाइजेशन और क्रिएटर-आधारित कंटेंट के माध्यम से स्टाइल रश डिजिटल इंस्पिरेशन को वास्तविक खरीदारी अनुभव से जोड़ेगा। यह अभियान मॉल की बदलती भूमिका को भी दर्शाता है। मॉल अब केवल खरीदारी के स्थान नहीं रह गए, बल्कि ऐसे प्लेटफॉर्म बन रहे हैं जहां ब्रांड उपभोक्ताओं की पसंद को प्रभावित करने, नए अनुभव तैयार करने और त्योहारों के मौसम से पहले ग्राहकों की रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गुमनामी के अंधेरे में था, पहचान बना दिया
दुनिया के अंधेरे से मुझे अनजान बना दिया
उनकी ऐसी कृपा हुई, गुरु ने मुझे एक अच्छा इंसान बना दिया।

उमेश कुमारी शर्मा
राजकीय प्राइमरी स्कूल सुधेड़

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजेश कुमार
ब्यूरो चीफ, कांगड़ा मो. 9816448474

CSRL ONGC Super 30

ओएनजीसी ONGC
CSRL TRANSFORMING LIVES

कांगड़ा की ओर से सभी आदरणीय शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं सादर नमन।

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

वीरेंद्र चौहान, अध्यक्ष
हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश

डॉ. संजय चौधरी, प्रेस सचिव
हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सचिन जसवाल
अध्यक्ष, जिला कांगड़ा
हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ
जिला कांगड़ा

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. जनमेजय सिंह गुलेरिया
राज्य एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत
एशियन एडमायरेबल अचीवर्स अवार्डी
प्रधानाचार्य (निरीक्षण एवं गुणवत्ता)
कार्यालय उपनिदेशक उच्च शिक्षा
जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला (हि.प्र.)

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गुरु ज्ञान की ज्योति जलाकर
जीवन को रोशन करते हैं
शिक्षक ही वो दीप हैं
जो हर अंधियारा हरते हैं।

रविंद्र गुलेरिया
प्रदेश महासचिव
प्रवक्ता स्कूल न्यू संघ
हिमाचल प्रदेश

रवि दत्त
टीजीटी कला, रामपा ततेहड़ा एवं अध्यक्ष
राजकीय टीजीटी कला संघ गगरेट जिला ऊना

शालिनी शर्मा
टीजीटी कला
राउवि तकरेड़ा
बिलासपुर

डॉ. कुलदीप सिंह ठाकुर
प्रिंसिपल, रावमापा
सद्दून बड़ाग्रां तहसील
बड़ोह जिला कांगड़ा

मदन लाल भारती
प्रधानाचार्य
रावमापा घराण
जिला बिलासपुर

कुमंत राज सुमन
टीजीटी कला एसवी
पीएमश्री आदर्श
रावमापा घुमारवीं
जिला बिलासपुर

सुरेश कुमार
प्रवक्ता, अर्थशास्त्र
रावमापा थुरल
जिला कांगड़ा

विनोद कालिया
सहायक इंजीनियर
विद्युत विभाग हमीरपुर
व पूर्व जेबीटी

PM SHRI GOVT. MODEL SEN. SEC. SCHOOL DEHRA

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Principal

SMC President

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Prof. Sanjeet Singh

शिक्षक दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

UNIQUE MODEL PUBLIC SCHOOL KATHOG

Vill. Kathog, Teh. Jwalamukhi, Distt. Kangra (H.P.)

रोज़मेरी पब्लिक स्कूल, हरिपुर

की तरफ से
शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हर्षानी

ऐरा शर्मा

रोज़मेरी पब्लिक स्कूल की छात्रा ऐरा शर्मा का एमबीबीएस में चयन, विद्यालय में खुशी की लहर

रोज़मेरी पब्लिक स्कूल, हरिपुर की मेधावी छात्रा ऐरा शर्मा पुत्री श्री दीप कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर वाई एस परमार नाहन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। ऐरा शर्मा की इस शानदार उपलब्धि से उनके माता-पिता एवं परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने भी छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विवेक कौंडल ने ऐरा शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती और ऐरा की सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। गौरतलब है कि ऐरा शर्मा रोज़मेरी पब्लिक स्कूल की दूसरी छात्रा हैं, जिनका चयन एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए हुआ है। इससे पहले भी विद्यालय की एक छात्रा ने एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया था। प्रधानाचार्य ने कहा कि रोज़मेरी पब्लिक स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए उचित मार्गदर्शन और प्रेरणा देना है। ऐरा शर्मा की सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

लॉरेंस पब्लिक स्कूल गुलेर

की तरफ से

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रधानाचार्य

समस्त प्रदेशवासियों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

THAKUR GROUP OF INSTITUTION & DPS DHALIARA

DIRECT ADMISSION | SESSION 2026–27

B.Ed. | M.Ed. | BCA

M.Sc. - Physics | Chemistry | Botany | Zoology | Mathematics
Diploma in Veterinary Pharmacist | Diploma in MPHW

Dr. Rajesh Thakur
Managing Director

Limited Seats
DIRECT ADMISSION
15 सितम्बर 2026 तक

प्रवेश एवं जानकारी हेतु संपर्क करें:
9805983259, 7018772172, 9317746213
NH-503, Kangra Road, Dhaliara, Distt. Kangra (H.P.)
www.thakurgroupofinstitution.org